हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026



## धान खरीदी केंद्र में जिला प्रशासन का पहरा



- फूड कंट्रोलर, डिप्टी कमिश्नर, सहकारी बैंक के सीईओ सब मौजूद
- अंतिम दिन 58 सौ क्विंटल खरीदी के लिए जारी टोकन ने उड़ा दी सबकी नींद

**बिलासपुर।** सोंठी उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के अंतिम दिन 5 हजार 800 क्विंटल धान खरीदा जाना था। प्रशासन के अनुसार यह आंकड़ा संभवतः पूरे प्रदेश में सर्वाधिक था। लिहाजा फूड कंट्रोलर, डिप्टी कमिश्नर सहकारिता एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ सोंठी पहुंच गए। इतना ही नहीं, बल्कि एक फूड इंस्पेक्टर की सुबह 11 बजे वहीं बैठे रहने की ड्यूटी लगा दी गई, जो शाम 6 बजे तक वहीं बैठकर निगरानी करते रहे।

धान खरीदी का अंतिम दिन शुक्रवार सोंठी उपार्जन केंद्र के लिए बड़ा खास रहा। चूंकि सोंठी उपार्जन केंद्र का रकबा बड़ा है, जिससे यहां धान बड़ी मात्रा में खरीदा जाता है। इस साल टोकन कटवाने में किसानों को बड़ी परेशानी हुई, जिससे शुरूआती दौर में टोकन ही नहीं कट सके। इधर वास्तविक किसान धान बेचने से वंचित न रह जाएं, जिसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा 29 जनवरी को किसानों द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर टोकन काटने के निर्देश दिए गए थे। लिहाजा सोंठी में 30 जनवरी के लिए 83 किसानों ने टोकन कटवा लिए। इन किसानों से कुल 5 हजार 8 सौ क्विंटल धान खरीदा जाना था। आंकड़ा देखकर प्रशासन स्तर पर खलबली मच गई और सारे जिलाधिकारियों ने सोंठी खरीदी केंद्र में डेरा जमा लिया। इस दौरान फूड कंट्रोलर अमृत कुजूर, सहकारिता आयुक्त चंद्रशेखर जायसवाल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा सोंठी उपार्जन केंद्र आकस्मिक जांच लिए पहुंच गए थे। इसी तरह सहकारिता निरीक्षक एवं खाद्य निरीक्षक को भी यहां खरीदी के स्थान पर निगरानी करने शाम तक बैठाकर रखा गया था। केंद्र में करीब तीन सौ से भी अधिक किसानों की भीड़ जुटी थी।

### क्षेत्र में मची सनसनी : अस्पताल ले जाते हुए युवक ने तोड़ा दम

## पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, 4 घंटे बाद आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



मृतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुरानी रंजिश के चलते दो बदमाशों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। दो साल पहले हुए आपसी रंजिश में हुई हत्या का बदला लेने के मकसद से ही दो युवकों ने मिलकर युवक की हत्या की है। हत्या की खबर आग की तरह फैली और क्षेत्र में सनसनी मच गई है।

शुक्रवार की शाम 6.30 बजे जूना बिलासपुर के युवक सानू खान उर्फ अमन उम्र 26 साल पिता इकबाल खान को जान गंवानी पड़ी है। बताया जा रहा है कि आरोपी विकास तिवारी और सैफ खान द्वारा हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। सूत्रों के अनुसार पहले दोनों ने प्लानिंग कर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सानू को पचरी घाट में बने जलसंसाधन विभाग द्वारा बनाए गए बैराज के पास बुलाया। इसके बाद मौका पाकर सानू को चाकू से गोद डाला और मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी, लेकिन जब तक परिजन मौके पर पहुंचे तब तक वह बेहोश हो गया था। परिजनों ने उसे सिटी कोतवाली ले जाने लगे, लेकिन पुलिस ने उसे सीधे सिम्स ले जाने के लिए कह दिया, जहां उसने दम तोड़ दिया। पचरी घाट के पास हत्या होने की खबर आग की तरह फैली और आसपास के लोगों में सनसनी मच गई। पुलिस हत्या के आरोपियों को 3 घंटे बाद भी नहीं खोज सकी। बताया जा रहा है कि मृत युवक और आरोपियों के घर के बाहर पुलिस ने पहरा लगा दिया है। परिजनों ने आरोपियों को पकड़ने की मांग करते हुए थाने का घेराव कर दिया था, रात 10 बजे तक परिजन और युवक थाने में बैठे रहे।



### परिजनों ने घेरा कोतवाली थाना

परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस कर्मियों को हत्या की बात बताई थी, लेकिन पुलिस हरकत में नहीं आ सकी और युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन और युवक कोतवाली पहुंच गए। इस दौरान लोगों ने दोनों आरोपियों को पकड़ने और कड़ी सजा देने की मांग करने लगे। इस दौरान कुछ देर के लिए गहमा-गहमी का माहौल हो गया, जिसे संभालने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।

### शहर में बढ़ रहा गैंगवार

खास बात यह है कि जिस युवक की हत्या हुई है, उसपर भी हत्या का आरोप लग चुका है, वहीं हत्या में शामिल सैफ खान कुछ ही दिन पहले जेल से छुटकर आया था और सानू खान के मर्डर के लिए प्लानिंग कर रहा था, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। बताया जा रहा है कि मृतक और आरोपियों के बीच हत्या की वारदात को 5 साल बीत चुके है लेकिन रंजिश दिन-ब-दिन बढ़ रही है।

### मामले की जांच की जा रही

मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया है, अभी पूछताछ जारी है। इसके बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। प्रारंभिक जांच में मृतक और आरोपियों के बीच पुरानी रंजिश की बात सामने आई है, लेकिन विस्तृत जांच होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

**- रजनेश सिंह,** एसएसपी






**खबर संक्षेप**

## सफाई कर्मियों को अपनी गाड़ी से घर तक छुड़वाया कमिश्नर ने



**बिलासपुर।** नगर निगम कार्यालय में कर्मचारी और अधिकारियों का रिटायरमेंट का दिन था। रिटायरमेंट के बाद जब विदाई समारोह हो गया तो सफाई कर्मी घर जा रहे थे,उसी समय निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने अपने वाहन का गेट खोला और सफाई कर्मियों को बैठने को कहा। यह देख और सुनकर सफाईकर्मी हतप्रभ हो गए। तब निगम कमिश्नर ने उन्हें घर तक ससम्मान घर तक छुड़वाने की बात कही और अपने सरकारी वाहन से उन्हें घर भेजा और उनके साथ सुरक्षा के लिए गार्ड भी भेजे। यह सम्मान एक कर्मठ कर्मचारी को दिया गया, जिसने अपने कर्तव्यों को बिना किसी दिखावे के, निष्ठा से पूरा किया। यह नजारा देखकर आस-पास के लोग और सफाई कर्मी भी भाव विभोर हो गए। इसके अलावा सेवानिवृत्त होने वाले अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों को भी अलग-अलग वाहनों से घर तक पहुंचाया गया।

## जेके ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में 'आवहन 2025' का समापन आज



**बिलासपुर।** जेके ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस द्वारा आयोजित वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'आवहन' का समापन 31 जनवरी को होगा। महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें जेके ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। पूरे सप्ताह चले इस खेल महोत्सव के दौरान क्रिकेट, कैरम, शतरंज, बैडमिंटन सहित कई इनडोर एवं आउटडोर खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। समापन समारोह एवं वार्षिक उत्सव 31 जनवरी को होगा। आयोजन समिति के अनुसार समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक धरम लाल कौशिक विधायक सुशांत शुक्ला, राजेश सिंह की उपस्थिति रहेगी। अरुण साव द्वारा विजेता टीम को चैंपियंस ट्रॉफी दी जाएगी। इसी दिन जेके ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस का वार्षिक समारोह भी होगा। जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पुरस्कार वितरण एवं विविध कार्यक्रम सम्मिलित होंगे।

**एजुकेशन प्लस**

## स्थानीय व्यापार को नई उड़ान दे रहा मेला



व्यापार मेले के दूसरे दिन पूजा-अर्चना करते तखतपुर विधायक धर्मजीत, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी।

# बीएनआई उद्योग मेला, आत्मनिर्भरता और रोजगार का बना सशक्त मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

"जब स्थानीय व्यापार मजबूत होता है, तभी शहर, जिला और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलती है।" इसी सोच और आत्मनिर्भर भारत के संदेश के साथ साइंस कॉलेज मैदान सरकंडा में बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 का आयोजन किया गया है। 25 वर्षों की यह मेला केवल खरीद-फरोख्त का केंद्र नहीं, बल्कि उद्यमिता, नवाचार, रोजगार और सामाजिक सरोकारों का सशक्त मंच बनकर उभरा है।

बीएनआई द्वारा आयोजित इस व्यापार एवं उद्योग मेले का यह तीसरा साल है, जो 29 जनवरी से 3 फरवरी तक सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक संचालित हो रहा है। मेले के दूसरे दिन मुख्य कार्यक्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष सतीश थौरानी, चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष भागचंद बजाज, पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी तथा छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, निकेश बरडिया, चेतन तारवानी, रचरण सिंह साहनी, राजेश वासवानी, राधाकिशन सुंदरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा उपस्थित रहे।

### गांधीजी के विचारों पर अपने विचार साझा किए

अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर व्यापारियों से संवाद किया और मेले की सराहना की। कार्यक्रम में आधारशिला ग्रुप के डायरेक्टर अजय श्रीवास्तव, डॉ. किरण पाल सिंह चावला सहित अन्य वक्ताओं ने गांधीजी के विचारों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर आधारशिला न्यू सैनिक स्कूल के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। मेले के दूसरे दिन की शुरुआत सद्भावना मैराथन से की गई। बीएनआई मेला यहां घरेलू उत्पादों से लेकर भारी मशीनरी जैसे जेसीबी, ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट, शिक्षा, हेल्थकेयर, फाइनेंस और टेक्नोलॉजी से जुड़े स्टॉल लगाए गए हैं। साथ ही 100 से अधिक फूड स्टॉलों पर विविध व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### व्यापारियों का सम्मान

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से आए 50 चयनित व्यापारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए "छत्तीसगढ़ व्यापार रत्न" सम्मान से नवाजा गया।

### उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम : धर्मजीत

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला केवल व्यापार का मंच नहीं, बल्कि स्थानीय प्रतिभा, उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स को नई पहचान मिलती है।

### बीएनबाई छत्तीसगढ़ के व्यापारिक विकास का आइना: अटल

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि 25 वर्ष पहले हरीश केडिया द्वारा शुरू किया गया यह मेला ऊंचाई को छू रहा है आगे भी डॉ किरण पाल सिंह चावला और बीएनआई परिवार के प्रयास से प्रगति करेगी। बीएनआई द्वारा आयोजित यह मेला छत्तीसगढ़ के व्यापारिक विकास का आईना है।

# कांग्रेसियों ने हाईवे घेरा, पंद्रह मिनट में लगी वाहनों की कतार

**सेंदरी में सांकेतिक चक्काजाम, मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत प्रदर्शन**



**बिलासपुर।** मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नेशनल हाईवे पर सेंदरी में सांकेतिक चक्काजाम कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर भारी एवं हल्के वाहनों की लंबी लाईन लग गई। हालांकि प्रदर्शन केवल आधे घंटे का ही था, लेकिन इतनी ही देर में जाम की स्थिति निर्मित हो गई।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के स्थान पर वीबी जी रामजी लागू किए जाने के विरोध में कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत वृहद कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शुक्रवार को सारे ब्लॉक मुख्यालयों में सांकेतिक धरना एवं चक्काजाम किया जाना था। इसी कड़ी में नेशनल हाईवे पर सेंदरी में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का समय वैसे तो दोपहर डेढ़ बजे निर्धारित था, लेकिन पौने तीन बजे से प्रारंभ किया गया। इस दौरान सारे कांग्रेसी नेशनल हाईवे पर बीच सड़क में बैठ गए। चूंकि यह सड़क चौबीस घंटे भारी एवं हल्के चारपहिया वाहनों की आवाजाही वाली सड़क है, जिससे कांग्रेसियों के बीच सड़क पर बैठते ही देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार सड़क के दोनों ओर लग गई। इस दौरान किसी भी वाहन को आवागमन की अनुमति नहीं दी गई। चूंकि कांग्रेस का यह प्रदर्शन सांकेतिक था, जिससे प्रदर्शन जल्दी ही समाप्त कर दिया गया। सवा तीन बजे के करीब कांग्रेसियों के सड़क से उठते ही आवागमन सुचारू हो सका।

## शहर कांग्रेस ब्लॉक 2 ने दिया गांधी चौक पर धरना





अभा कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉक 2 में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे कांग्रेसजन गांधी चौक जूना बिलासपुर में एकत्रित हुए और गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा के निर्देशानुसार एवं ब्लॉक अध्यक्ष तज्जमुल हक के नेतृत्व में मनरेगा योजना को बचाने के लिए प्रतिमा के सामने ही कांग्रेसी धरने पर बैठ गए। शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडे, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बोलर, ब्लॉक प्रभारी महेश दुबे एवं शिबली खान, शिवा मिश्रा ने अपनी बात रखी। मनरेगा बचाओ अभियान 25 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, राहुल वाधवानी, सुबोध केसरी, अनिल पाण्डेय, जफर अली, हरीश तिवारी, सीमा ग्रीतेश, पिंकी बत्रा, रवींद्र सिंह, जुगल गोयल, शहजादी कुरैशी आदि मौजूद थे।

## तिफरा में लक्ष्मीनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस का चक्काजाम



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिफरा के अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही प्रदेश में धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाये जाने की माँग को लेकर रायपुर - बिलासपुर मुख्य मार्ग पर सांकेतिक चक्काजाम कर तहसीलदार को राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। धरना में जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ग्रामीण के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, सुरेश ठाकुर, बिहारी देवांगन, मंडल अध्यक्ष संत सर्वे, अजय मनहरे, महेश ठाकुर, बंटी साहू, अमित यादव, पवन साहू, राजेश साहू, रामायण रजक, अक्षय नवरंग, सचिन भवानी, आनंद पाठक, रवींद्र डाहरे, बंटी सोनी, नागेश ध्रुव, संजीव पाल, संजू कौशिक, नंदू वर्मा, समीर वर्मा, आशीष वर्मा, रमेश सोनी आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### लीनेस क्लब समर्पण की मीनू अध्यक्ष डिम्पल सचिव, नीतू कोषाध्यक्ष बनीं





**बिलासपुर।** आल इंडिया लीनेस क्लबस डिस्ट्रिक्ट सीजी 1 स्वर्णिम छत्तीसगढ़ प्रांत के अंतर्गत लीनेस क्लब बिलासपुर समर्पण का गठन किया गया। क्लब एक्सटेंशन अफसर एवं संरक्षक शशि आहूजा ने बताया की आल इंडिया लीनेस क्लबस महिलाओं द्वारा संचालित पूरे भारत में एक बहुत बडा सामाजिक सेवा संगठन है। जिसमें महिलाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण एवं जरूरत मंदों की मदद कर अनेकों सेवा गतिविधियां करती हैं। बिलासपुर समर्पण की अध्यक्ष मीनू उबेजा, सचिव डिम्पल छाबड़ा, कोषाध्यक्ष नीतू गुप्ता, प्रथम उपाध्यक्ष नीतू सलूजा, द्वितीय उपाध्यक्ष अनामिका टांक, तृतीय उपाध्यक्ष मीनू भोगल, सह सचिव शिल्पी राव, सह कोषाध्यक्ष पिंकी सलूजा, टेमर संदीप कौर, पी.आर.ओ. रचना छाबड़ा, डिप्टी पी.आर.ओ. नीलू कस्तूरिया, बोर्ड आफ डायरेक्टर निधि गुप्ता, स्वदेश सलूजा, स्वीटी छाबड़ा को बनाया गया है।

### रमन विश्वविद्यालय ने अर्चना को दी पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय ने शिक्षण शास्त्र विषय में अर्चना तिवारी को इफ़ेक्ट ऑफ पैरेंटल प्रेशर ऑन सेल्फ एफिकस्य एंड सेल्फ कांसेप्ट ऑफ एडोलसेंट स्टूडेंट विषय पर शोध उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. जयश्री शुक्ला के मार्गदर्शन में पूरा किया। श्रीमती तिवारी जूना बिलासपुर निवासी अधिवक्ता शिरीष तिवारी की पत्नी एवं राजकुमार शर्मा की पुत्री है।



### अटल बिहारी वाजपाई विश्वविद्यालय ने यामिनी को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपाई विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा यामिनी यादव को गणित विषय ' स्टडी ऑफ डायवर्जेंट सिरीज एंड इट्स एप्लीकेशन ' शीर्षक में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोधकार्य, प्रोफेसर यूके श्रीवास्तव, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज बिलासपुर के निर्देशन एवम डॉ. सीएस राठौर, सहा. प्राध्यापक गणित, जाजवल्यदेव शास. महिला महाविद्यालय जांजगीर के सह निर्देशन में पूर्ण किया। यामिनी स्व. एफएल वस्त्रकार और रेखा रानी की सुपुत्री एवं डॉ. राकेश कुमार यादव की पत्नी हैं। वे वर्तमान में डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में सहा. प्राध्यापक, गणित के पद पर कार्यरत हैं।



सर्व सवर्ण समाज में देखा जा रहा भारी आक्रोश

# यूजीसी बिल के विरुद्ध सर्व सवर्ण समाज का भारत बंद और विरोध प्रदर्शन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यूजीसी बिल के विरोध में सर्व सवर्ण समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इसके विरोध में 1 फरवरी को भारत बंद और विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। यूजीसी कानून के विरोध में समग्र सवर्ण समाज की बैठक गुरुवार को कान्यकुब्ज भवन में हुई। इसमें सभी ब्राम्हण समाज के अतिरिक्त अग्रवाल समाज, पूज्य सिंधी समाज,

गुजराती समाज, महाराष्ट्रियन समाज,तेलगू समाज, क्षत्रीय समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि यूजीसी एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक जरूर लगा दी है परन्तु इस एक्ट का विरोध करते रहना है जब तक कि इसे वापस नहीं लेती है। इसके लिए 1 फरवरी को भारत बंद एवं 2 फरवरी सोमवार को 12 बजे दोपहर देवकीनंदन चौक पर एकत्र होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।


बैठक में चर्चा करते समाज के पदाधिकारी व सदस्य।

बैठक में विभिन्न प्रतिनिधियों ने एक मत होकर सर्व समाज के संज्ञान में लाया जा रहा है कि पीड़ित शोषित वर्ग को सरकार संविधान के द्वारा पर्याप्त संरक्षण दे रही है संविधान में पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए पर्याप्त नियम है। शिक्षा संस्थानो में इस कानून से जाति भेद को बढ़ावा मिलेगा। जिससे समाज में वैमन्यस्ता बढ़ेगी एवं बच्चों के शिक्षा पर असर पड़ेगा। सरकार की यह बात की सबका साथ सबका विकास इसके विरुद्ध है एवं केन्द्रीय सरकार इस पर पुनः विचार करे समता मूलक भारत के लिए यह बिल पूर्णतः वापस लें। बैठक में डा प्रदीप शुक्ला, अरविन्द दीक्षित, ज्ञान अवस्थी, मनोज तिवारी,अनिल तिवारी, राजेश शुक्ला, विक्रात तिवारी, सुनील सोन्यालिया, विनोद मेघानी, किशोर पमनानी, प्रियंक परिहार, मोहन देव पुजारी, बी महेश, महेश दुबे टाटा सुरेन्द्र शर्मा, गुडडा तिवारी, गजेन्द्र श्रीवास्तव, बी के पान्डेय, गोपाल वेलाणी, राघवेन्द्र गुप्ता आदि ने अपने विचार रखे। बैठक का संचालन पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने किया। बैठक में अजय जाजोदिया, मनीष अग्रवाल, जयश्री शुक्ला, अर्चना तिवारी, किरण बाजपेयी, ममता दुबे, किरण मिश्रा, राजीव अवस्थी, कृष्ण मोहन पाण्डेय, मनोज शुक्ला, दिव्य प्रकाश दुबे, ज्योतिन्द्र उपाध्याय, रश्मि द्विवेदी, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, अर्चना शुक्ला, लता मिश्रा, कमल बजाज, संतोष अग्रवाल, दयानन्द तीर्थानी, अतुल अवस्थी, अनुग्रह मिश्रा, श्याम मोहन दुबे, अभिषेक शर्मा, गौरव तिवारी,

शक्ति सिंह ढाकुर, सुरेन्द्र गौरहा, विजय पाठक, जयेश तिवारी, प्रसुन्न सोनी, जगत सिंह राजपूत, प्रणव शर्मा, रोशन सिंह, लखन नागदेव, पवन श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।


चर्चा करते समिति के प्रदेश संयोजक एवं विधायक अमर अग्रवाल।

## विकसित भारत की संकल्पना को सशक्त करने वाला बजट : अमर

**बिलासपुर।** केंद्रीय बजट–2026 के प्रभावी प्रचार-प्रसार को लेकर 30 जनवरी को भाजपा द्वारा प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठक आयोजित की गई।

■ केंद्रीय बजट–2026

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल के साथ केंद्रीय बजट समिति के प्रदेश संयोजक एवं विधायक अमर अग्रवाल ने केंद्रीय बजट–2026 के प्रचार अभियान को लेकर संबोधित किया।श्री अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट–2026 विकसित भारत की संकल्पना को सशक्त करने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला एवं मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण को समर्पित है। भाजपा कार्यकर्ता संगठनात्मक शक्ति के माध्यम से बजट के प्रत्येक प्रावधान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। रायपुर में आयोजित इस बैठक में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, प्रवक्ता अमित चिमनानी उपस्थित रहे।

### बजट पर हुई चर्चा

रात्रि में केंद्रीय बजट–2026 के तत्वाधान में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं बजट अभियान के प्रदेश संयोजक अमर अग्रवाल मुख्य वक्ता थे। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सौरभ सिंह, नंदन जैन आदि मौजूद थे।

## पुर्ननियुक्ति को लेकर शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई ने कलेक्टर को शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। इसमें इसी सत्र से डाइट, बाइट, बीटीआई, पीजीबीटी, सीटीई में कार्यरत शिक्षकों, व्यायाम शिक्षकों, व्याख्याताओं, सहायक प्राध्यापकों के लिए भी सत्रांत तक पुर्ननियुक्ति देने की मांग की है। संघ ने बताया कि डाइट, बाइट, बीटी आई, पीजीबीटी, सीटीई में कार्यरत शिक्षकों, व्यायाम शिक्षकों, व्याख्याताओं, सहायक प्राध्यापक भी शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत हैं। इन्हें किसी प्रकार का प्रतिनियुक्ति भत्ता नहीं मिलता। उक्त सभी कर्मचारी एक ही सेवा शर्तों पर शिक्षा विभाग में नियुक्ति प्राप्त किए हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में उप प्रांताध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गुप्ता , जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार श्रीवास , संगठन मंत्री अनिल गौरहा, परितोष बाजपेई, रश्मि द्विवेदी, रोहित कुमार भांगे, रमेश तिवारी, दिलीप कुमार शर्मा, जय प्रसाद ध्रुव, जिला सचिव संतोष तिवारी, शिव श्रीवास, नीलकंठ वर्मा, ईश्वर प्रसाद तिवारी, वीणा तिवारी, वनमाला तिवारी आदि मौजूद थे।

## शहीद दिवस पर याद किए गए बापू

**बिलासपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरे जिले में शुक्रवार को शहीद दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय में बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता के बलिदान को स्मरण किया। महात्मा गांधी केवल स्वतंत्रता संग्राम के नायक ही नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक विचारधारा हैं। उनके सिद्धांत आज भी समाज में सद्भाव, समानता और नैतिक मूल्यों की दिशा दिखाते हैं। जिला पंचायत, नगर निगम सहित सभी कार्यालयों में राष्ट्रपिता को मौन श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर लोगों को महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलने प्रेरित किया गया।

## लीलम्मा ने देहदान कर मानवता के नाम छोड़ी अमूल्य विरासत



**बिलासपुर।** सरकंडा निवासी श्रीमती के जी लीलम्मा का शुकवार की सुबह निधन हो गया। उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार परिनजों ने सिम्स को देहदान किया है। इस पुनित कार्य के लिए सिम्स प्रबंधन ने आभार व्यक्त किया और इसे समाज हित में अनुकरणीय पहल बताया है।

लीलम्मा नायर एक सुसंस्कृत, सरल एवं सेवा भाव से परिपूर्ण व्यक्तित्व की धनी थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल में ही यह संकल्प लिया था कि मृत्यु के उपरांत उनका शरीर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए समर्पित किया जाएगा। अपने इसी संकल्प के अनुरूप,परिजनों द्वारा देहदान की प्रक्रिया विधिवत रूप से संपन्न कराई गई। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि मृत्यु के बाद भी मानव जीवन को दिशा और अर्थ दिया जा सकता है। उनके निधन पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन, आकाशवाणी बिलासपुर परिवार, सामाजिक संगठनों एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने गहरी शोक संवेदनाएँ व्यक्त की हैं। लीलम्मा नायर का जीवन और उनका यह अंतिम निर्णय समाज के लिए एक अनुकरणीय संदेश है। डॉ. मूर्ति ने इस पुनीत कार्य के संपादन हेतु 30 जनवरी को एनाटॉमी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिक्षा जांगड़े को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। सिम्स के डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने देहदान को अमूल्य योगदान बताया है और कहा कि आने वाली पीढ़ियों के चिकित्सा विद्यार्थियों के अध्ययन, प्रयोग एवं शोध के क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति, नोडल अधिकारी डॉ भूपेंद्र कश्यप डॉ. शिक्षा जांगड़े, डॉ अमित कुमार डॉ निलेश महोबिया, श्रीमती संज्ञा टंडन ( अरपा रेडियो ), तथा दिवंगत के परिजन उपस्थित रहे।









## खबर संक्षेप

### बीएसएफ में चयन होने पर युवाओं का सम्मान



लोरमी। 26 जनवरी पर लालपुर कला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र के अभय ध्रुव एवं शिवा ध्रुव को देश सेवा के लिए बीएसएफ में चयनित होने पर सरपंच ने मोमेंटो, पेन एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। सरपंच साधना रामगोपाल कश्यप की ओर से पुरुस्कार एवं प्रसाद की व्यस्था की गई।

### विशेष डाक शिविर 2 फरवरी को

लोरमी। भारतीय डाक विभाग की ओर से संचालित जनकल्याणकारी डाक जीवन बीमा योजना के स्थापना की 142वीं वर्षगांठ के अवसर पर 2 फरवरी को जिले के सभी डाकघरों में विशेष डाक जीवन बीमा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य आमजन को डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओ से जोड़ना और बीमा संबंधी सेवाओं को सरलता से उपलब्ध कराना है।

### अवैध महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

लोरमी। ग्राम ढोलगी में आबकारी विभाग ने छापेमार कार्रवाई करते हुए 6 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर ली। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि, आरोपी कृष्ण कुमार यादव के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(1)(क), 34(2) तथा 59(क) के तहत वैधानिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



## निधन

### राजेंद्र शर्मा



बिलासपुर। वार्ड नं 1 बाराद्वार निवासी राजेंद्र शर्मा का निधन 30 जनवरी को हो गया। अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में 31 जनवरी को सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे आशीष शर्मा, अंकुश शर्मा एवं अंशु शर्मा के पिता थे।

### सनत पटेल



मुंगेली। ग्राम देवरी निवासी सनत पटेल का 43 वर्ष की उम्र में 29 जनवरी की रात इलाज सके दौरान हॉपिस्टल में निधन हो गया। वे पिछले 2-3 वर्ष से बीमारी से जूझ रहे थे। उनका अंतिम संस्कार 30 जनवरी को गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे गोकुल पटेल के पुत्र, यशवंत पटेल, बेदराम पटेल शिक्षक, जनत पटेल के भाई थे। उनके एक पुत्र और एक पुत्री हैं।

### लक्ष्मी देवी चौबे



सकरी। वार्ड क्रमांक 2 ब्राम्हणपारा सकरी निवासी लक्ष्मी देवी चौबे का 75 वर्ष की आयु में शुक्रवार देर शाम निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजेश चौबे, भोलेशंकर चौबे, मनीष चौबे की मां एवं आदर्श चौबे की दादी थी।


### किशोर आडवानी

बिलासपुर। चकरभाठा निवासी किशोर आडवानी का निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 11 बजे चकरभाठा के स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. रतन दास आडवानी के सुपुत्र एवं केशव आडवानी के पिता, सुरेश, नरेश, आडवानी के भाई थे।

## बिजली विभाग के रजत महोत्सव में शामिल हुए बेलतरा विधायक

# बिजली सिर्फ सुविधा नहीं, विकास की रीढ़: सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को सम्मानित करते अतिथि।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विद्युत विभाग सीपत द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की सहभागिता रही। आयोजन के माध्यम से विद्युत सुरक्षा, ऊर्जा संरक्षण तथा बिल भुगतान की डिजिटल सुविधाओं को लेकर जनजागरूकता संदेश भी प्रसारित किए गए।

कार्यक्रम में विभाग की 25 वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत विस्तार, सेवा प्रणाली में सुधार, लाइन लॉस में कमी, तकनीकी उन्नयन तथा उपभोक्ता सुविधाओं में हुए सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी गई। सेजेस के विद्यार्थियों सहित ग्रामीणों को सोलर पैनल की उपयोगिता एवं भविष्य में अक्षय ऊर्जा की भूमिका के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के विकास में विद्युत विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि, राज्य गठन के बाद से बिजली व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। अब लक्ष्य केवल कनेक्शन देना नहीं, बल्कि सुरक्षित, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा सुनिश्चित करना है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि, गांव-गांव तक बिजली पहुंचने से शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और छोटे व्यवसायों को नई दिशा मिली है। सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि, बिजली व्यवस्था में निरंतर सुधार से जनता का भरोसा बढ़ा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्युत विभाग सीपत के सहायक अभियंता कौशल जायसवाल ने बताया कि, रजत महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं से संवाद का अवसर है। इस अवसर पर बीपीएल, घरेलू, गैर-घरेलू कनेक्शन, कृषि पंप उपभोक्ताओं तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और जागरूक उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता दिलेंद्र कौशील, मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, प्रणव शर्मा, जनपद सदस्य मनोज खरे, विजय गुप्ता, सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, बांके बिहारी गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव, मन्नू सिंह, मदनलाल पाटनवार, तुलेश्वर पाटनवार, ललित यादव, तुषार चंद्राकर, वैभव तंबोली सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विद्युत विभाग की ओर से एई कौशल जायसवाल, जेई रंजना देवगन, चंद्रशेखर धीवर, कार्यालय सहायक प्रमोद पाटनवार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### बच्चों में संस्कार व संस्कृति का करना होगा विकास



बेलतरा। वनांचल हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुशांत शुक्ला शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया।इस मौके पर विधायक श्री शुक्ला ने वनांचल हायर सेकेंडरी स्कूल लिम्हा की तारीफ कर अभिभावकों को सलाह दी। उन्होंने कहा कि, बच्चों में संस्कार व संस्कृति का विकास करना होगा तभी बच्चों में विकास के नींव की शुरुआत होगी। उन्होंने विद्यालय को भवन के लिए 4 लाख रूपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में राजेश सूर्यवंशी जिला पंचायत अध्यक्ष, उमेश गौरहा विधायक प्रतिनिधि, जागेंद्र कश्यप जिपं सदस्य प्रतिनिधि, मणि दास मानिकपुरी मंडल अध्यक्ष, भारत कश्यप, सुरेश कश्यप सरपंच बेलतरा, मथुरा भागवत सारथी सरपंच लिम्हा, निलेश राव धौरामुड़ा सरपंच, शिव यादव सरपंच बिटकुली, शिवनारायण कश्यप सरपंच गिधौरी विद्यालय के प्राचार्या व संचालक शशि किरण दुबे, विद्यालय के स्टाफ एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मजदूरों का रोजगार छीनने का काम कर रही है सरकार: अटल



**बिलासपुर, सीपत, मस्तूरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में पर कोटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी के नेतृत्व एवं विधायक अटल श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, पर्यवेक्षक आनंद जायसवाल, गौरव दुबे की उपस्थिति में प्रदर्शन कर चक्काजाम किया गया।

कांग्रेस ने 'मनरेगा बचाओ संग्राम' तथा धान खरीदी की तारीख बढ़ाने को लेकर प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि, किसान विरोधी है। सरकार ने ना धान की खरीदी की, ना तो लिमिट बढ़ा रही है, और ना तारीख बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि, किसानों के बड़ी संख्या में धन बचा हुआ है, कांग्रेस इसको लेकर बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी, और 31 जनवरी के बाद भी किसानों का धान लेने को सरकार को मजबूर करेगी। मस्तूरी के जोंधरा चौक में विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अंचल के श्रमिक, गरीब एवं वंचित वर्ग के लिए मात्र रोजगार योजना नहीं, बल्कि सामाजिक आर्थिक संरक्षण की अनिवार्य व्यवस्था है। इसी तरह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत के तत्वावधान में नवाडीह चौक में सांकेतिक चक्काजाम एवं धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा, मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है। यदि इसे कमजोर किया गया तो गांवों में बेरोजगारी और पलायन बढ़ेगा।

# टीकरकला में छात्राओं को प्रदान की गई निशुल्क सायकल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

सरस्वती सायकल योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकरकला गौरेला में छात्राओं को सायकल का वितरण नगरपालिका गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी की गरिमामयी उपस्थित में किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य आरती तिवारी ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे ने कहा, छत्तीसगढ़ शासन की योजना लाभ छात्राओं को मिल रहा है, इससे बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए विद्यालय और महाविद्यालय जाने में दिक्कत नहीं होगी। उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता तापस शर्मा ने कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने छात्राओं के लिय महत्वाकांक्षी योजना को प्रारंभ किया था, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा अनवरत रखा है। इस असवर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन पूजा कछवाहा एवं आभार प्राचार्य आरती तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पार्षद अमृता मरावी, गोविंद सहाय अग्रवाल, प्रथमेश नगाइच, शिव शर्मा, गेंदलाल मरावी सहित बड़ी संख्या में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं शाला के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 13 तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



शपथ लेते चिकित्साकर्मी।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मुंगेली जिले में 'भेदभाव खत्म करना, गरिमा सुनिश्चित करना' थीम पर 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रह है। इस अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर कर समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा रोग से जुड़े भेदभाव को समाप्त करना है। कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को सामाजिक, शैक्षणिक, रोजगार एवं वैवाहिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जागरूकता की कमी और गलतफहमियों के कारण यह बीमारी अक्सर छिपी रह जाती है, जिससे इलाज में देरी होती है। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह अभियान प्रतिवर्ष देशभर में चलाया जाता है।

अभियान की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नवीन जिला अस्पताल, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा खंड चिकित्सा अधिकारियों के कार्यालयों में गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

# बिटकुला में विशाल हिंदू सम्मेलन



**खमरिया।** ग्राम पंचायत बिटकुला में 29 जनवरी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश शुक्ला ने की।

बृजेश ने भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि, हिंदू सम्मेलन गांव के प्रत्येक व्यक्ति को उपस्थित होना चाहिए और मां-बाप को अपने बच्चों को हिंदू संस्कृति का पाठ पढ़ना चाहिए। मां-बाप ही बच्चों के पहले गुरु होते हैं। इस मौके पर उपस्थित सर्वेश्वर दासजी ने कहा कि, एक संत ही है, जो हिंदू परंपरा को बढ़ाने में अपना पूरा जीवन समर्पण कर देता है।




## अखंड नवधा रामायण का समापन आज



मुंगेली। ग्राम भटगांव में आस्था एकता सेवा समिति भटगांव की ओर से अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्रीराम व माता जानकी की कथा का कथा श्रवण आचार्य गुलाब प्रसाद पांडेय एवं आनंद प्रसाद पांडेय के श्रीमुख से प्रतिदिन कराया जा रहा है। नवधा रामायण में चितरेखा-चैतराम साहू मुख्य यजमान के रूप में हैं। 31 जनवरी को हवन तर्पण एवं सहस्त्र धारा के साथ नवधा रामायण कथा को विश्राम दिया जाएगा। आयोजन समिति में भीखम साह, रामू साहू, विनय पाण्डेय, डॉ रतन साहू, नरेंद्र साहू, टेकराम साहू सहित ग्राम भटगांव के प्रबुद्ध नागरिक एवं धर्मप्रेमी जनता का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

---

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/संमस**

उत्तराधिकार प्र.क-86/2025
आदेश दिनांक 19.01.2026
पेशी दिनांक: 17/2/2026
प्रो.क्र... 13/2026

सहोदरा बाई पटेल................आवेदिका

विरूद्ध

देवकुमारी पटेल वगैरह.........अनावेदकगण

बनाम :- आम जनता (जिनका संबंध हो)

आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्रदान किये जाने बाबत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसकी पेशी दिनांक 17.02.2026 को दिन 11:00 बजे उत्तर देने के लिये नियत किया गया है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आप के उपस्थित नही होने पर गुण-दोष पर सुनवाई कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदि किसी कारण से नियत पेशी तारीख को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठीसीन न्यायाधीश अवकाश पर है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 29/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**(असलम खान)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क. /2025-26
ग्राम- तखतपुर प.ह.नं. 28

एतद् द्वारा ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश कुमार धुर्वे पिता दुरदेशी धुर्वे जाति गोड़ साकिन पेण्ड्री तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. वाले के द्वारा अपनी दादा झड़ीराम पिता राम सिंह की मृत्यु दिनांक 12/05/2001 को ग्राम पेण्ड्री तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है। जिसमें दिनांक 13/02/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को किसी प्रकार से कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**तखतपुर**

---

**नन्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह. / वा./ 2026
बिलासपुर, दिनांक 23/1/2026

ग्राम खमतराई के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खमतराई, प.ह.नं. 25 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 657/2 रकबा 0.0600 हेक्टेयर भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख सुधार के लिए आवेदिका श्रीमती ममता पाठक पति श्री लेखराम पाठक पिता ईश्वर प्रसाद शर्मा, निवासी देवनंदन नगर, फेस-1 सीपत रोड़ सरकंडा, बिलासपुर तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 13/2/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 23/1/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202511251400004/अ-70/2025-26 ग्राम मोतिमपुर प.ह.नं. 11

**// समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस //**

प्रति,

रामदास पिता कुंजीदास जाति सतनामी निवासी ग्राम मोतिमपुर तहसील पथरिया जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक बरकत खान पिता करामत खान उम्र 33 वर्ष जाति मुसलमान, निवासी ग्राम मोतिमपुर, तहसील पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम मोतिमपुर, प.ह.न. 11, रा.नि.म. अमोरा, तहसील पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.) स्थित खसरा नं. 14/1 रकबा 0.2630 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर संयुक्त खाते में बतौर भूमि स्वामी दर्ज चला आ रहा है, वाद् भूमि का विधिवत सीमांकन कराया जा चुका है। उक्त भूमि में अनावेदक रामदास पिता कुंजीदास का कब्जा होना पाया गया है। वाद् भूमि में आवेदक द्वारा कब्जा दिलाये जाने एवं अनावेदक को बेदखल किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमे आगामी सुनवाई तिथि 05/02/2026 को नियत है। अत: इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रात: 11 बजे उपस्थित होवें । अनुपस्थित होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया ।

**नायब तहसीलदार**
**पथरिया जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /2025-26
ग्राम-तखतपुर प.ह.नं. 28

एतद् द्वारा ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश कुमार धुर्वे पिता दुरदेशी धुर्वे जाति गोड़ साकिन पेण्ड्री तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ. ग. वाले के द्वारा अपनी दादी फगनी बाई पति झड़ीराम की मृत्यु दिनांक 03/10/2004 को ग्राम पेण्ड्री तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है। जिसमें दिनांक 13/02/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को किसी प्रकार से कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**तखतपुर**

---

**कार्यालय राजस्व मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर, दिनांक 16/01/2026

प्रति,

(1) सरिता पंजवानी (2) भाग सिंह दुआ (3) ओमकार नाथ पाण्डेय अन्य सर्वसंबंधी हितबद्ध पक्षकार (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज /आवेदक के बताए अनुसार)

विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/तह./वाचक /2025 बिलासपुर दिनांक 12/11/25

आवेदक सरिता पंजवानी निवासी दयालबंद के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 524/18 रकबा 0.010 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 04/02/26 को समय 11 am से 5 pm बजे किया जावेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति के लिए आप जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय पटवारी हल्का नंबर 25...रा.नि.मं. कोनी तहसील बिलासपुर (छ.ग.)**

दिनांक-28/01/2026

प्रति, 1. कृष्णा सुर्यवंशी वगैरह 2. चन्द्रिका बाई, 3 रामलाल यादव 4 इरफान अहमद।

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच के समय मौके पर उपस्थित होने बाबत।

सन्दर्भ :- न्याया.अ.वि.अ./तहसीलदार/अति. तहसीलदार/ना तहसीलदार के ज्ञापन क्र. क/ अतितह. / वाचक/ 2026 बिलासपुर दिनांक 14/01/2026

विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम खमतराई प.ह.न 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर अंतर्गत आवेदक कृष्णा सुर्यवंशी पिता रामप्रकाश सुर्यवंशी निवासी खमतराई द्वारा आवेदित ग्राम खमतराई स्थित भूमि ख.न. 263/3, 264/1, 270/4, 274/5 रकबा 0.1820, 0.0410. 0.0485, 0.1865 का सीमांकन / स्थल जांच संदर्भित आदेशानुसार राजस्व निरीक्षक/गठित टीम के द्वारा किया जाना है। इस हेतु से आप अपना उक्त भूमि से सम्बंधित समस्त कागजात लेकर दिनांक 03/02/2026 को प्रात: दोपहर 11.00 से 5.00 बजे स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। उपस्थित नहीं होने कि दशा में आपकी मौन स्वीकृति मानकर सीमांकन/स्थल जांच किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

रमेश कुमार वैष्णव
प.ह.न. 25 रा.नि.म. कोनी
तह व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक- 18/01/2026

प्रति, 1. आवेदक रुनी सिंह पति स्व. जितेश सिंह आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वाम
2 राज कुमार सा. मोपका
4. बिशाली सा. मोपका
5. राजेश मेनवानी पिता इंदरलाल सा. मण्डी रोड तोरवा

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह.ना.तह./वा. / 2025 बिलासपुर दिनांक 03/03/2020

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.म. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2004/2 रकबा 0.2570 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक रूनी सिंह निवासी शांतिनगर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 11/02/26 को समय 10.00 से 05.00 के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, मोपका

---

**न्यायालय श्रीमान जिला मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस/नोटिस**

दावा प्र.क्रं 1069/2023 पेशी ता. 25/02/2026
आदेश दि. 13/01/2026 प्रोसेस क्रं 546

अनिल कुमार बंजारे...आवेदक **विरूद्ध** सोहन रजक उर्फ पप्पू एवं अन्य 02...अनावेदकगण

प्रति,

सोहन रजक उर्फ पप्पू पिता मनोहर लाल रजक उम्र 31 वर्ष निवासी इंदिरा आवास सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग) (वाहन चालक टाटा हेक्सा कार क्रं CG-22 K-2866)

चूंकि आवेदक अनिल कुमार बंजारे पिता परमानंद बंजारे उम्र 31 वर्ष निवासी जरहाभाठा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में अपने को आई मोटर दुर्घटना से गंभीर चोटों की क्षतिपूर्ति बाबत दावा आवेदन पेश किया है। उक्त दावा प्रकरण में आप अनावेदक क्रं 01 के रूप में पक्षकार है। उक्त दावा प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/02/2026 को नियत है। जिसमें आप अनावेदक क्रं 01 की उपस्थिति हेतु प्रकरण नियत है। आप अनावेदक क्रं 01 को इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसे सम्यक आदेश प्रदान किया गया हो एवं जो सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके मय अपने पक्ष के दस्तावेज के साथ अपनी आपत्ति/ जवाब पेश कर सकते है।

यदि सुनवाई तिथि को आप अनुपस्थित रहते है तो प्रकरण का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा एवं बाद की आपत्ति मान्य नहीं होगी। अत: आज दिनांक 30/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की सील मुहर लगाकार जारी किया गया।

स्थान :बिलासपुर (छ.ग.) दिनांक: 30/01/2026

**(सिराजुद्दीन कुरैशी)**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

---

**न्यायालय श्रीमान जिला मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस/नोटिस**

दावा प्र.क्रं 1069/2023 पेशी ता. 25/02/2026
आदेश दि. 13/01/2026 प्रोसेस क्रं 545

धर्मराज..आवेदक **विरूद्ध** सोहन रजक उर्फ पप्पू एवं अन्य 02...अनावेदकगण

प्रति,

विकास शर्मा पिता मुरारीलाल शर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी महावीर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा जिला बलौदाबाजार (छ.ग) (पंजीकृत वाहन स्वामी टाटा हेक्सा कार क्रं CG-22 K-2866)

चूंकि आवेदक धर्मराज पिता संतोष सूर्यवंशी उम्र 20 वर्ष निवासी ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में अपने को आई मोटर दुर्घटना से गंभीर चोटों की क्षतिपूर्ति बाबत दावा आवेदन पेश किया है। उक्त दावा प्रकरण में आप अनावेदक क्रं 02 के रूप में पक्षकार है। उक्त दावा प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/02/2026 को नियत है। जिसमें आप अनावेदक क्रं 02 की उपस्थिति हेतु प्रकरण नियत है। आप अनावेदक क्रं 02 को इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसे सम्यक आदेश प्रदान किया गया हो एवं जो सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके मय अपने पक्ष के दस्तावेज के साथ अपनी आपत्ति/ जवाब पेश कर सकते है।

यदि सुनवाई तिथि को आप अनुपस्थित रहते है तो प्रकरण का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा एवं बाद की आपत्ति मान्य नहीं होगी। अत: आज दिनांक 30/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की सील मुहर लगाकार जारी किया गया।

स्थान :बिलासपुर (छ.ग.) दिनांक: 30/01/2026

**(सिराजुद्दीन कुरैशी)**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2026
बिलासपुर, दिनांक 21.01.2026

श्री व्ही. वरूण भास्कर आत्मज श्री व्ही. सोमयाजुलू उम्र 26 वर्ष निवासी सतबहिनीया मंदिर के पास देवरीडीह तोरवा थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी निकिता पिता श्री कुलभूषण उम्र 28 वर्ष निवासी मकान नंबर 3294 सेक्टर 9ए हाउसिंग बोर्ड कालोनी थाना व तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर (हरियाणा) पिन 124507

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 23.02.2026 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



व्ही. वरूण भास्कर



कुमारी निकिता

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनांक 23.01.2026

श्री प्रवेश कुमार बिस्वास आत्मज श्री प्रबीर कुमार बिस्वास उम्र 28 वर्ष निवासी वा.क्र. 10 शंकर नगर दुर्ग थाना मोहननगर तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. एवं कुमारी स्वाति टिम्बुरकर पिता श्री अनिल कुमार टिम्बुरकर निवासी वा.क्र. 10 वैशाली रेसीडेंसी शंकर नगर बिलासपुर थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 26.02.2026 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



प्रवेश कुमार बिस्वास



कुमारी स्वाति टिम्बुरकर

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं**
**विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**


---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**-: विवाह सूचना का प्रकाशन :-**

क्रमांक क//वाचक/अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनाँक 29.01.2026

श्री हिमांशु बैरागी आत्मज श्री दिनेश बैरागी उम्र 30 वर्ष निवासी सड़कपारा मोपका थाना सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी कामिनी वारे आत्मजा स्व. भोजराम वारे माता श्रीमती बुंदेला वारे उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम हाउसिंग बोर्ड कालोनी शनि मंदिर रोड चिल्हाटी मोपका थाना सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनाँक 16.02.2026 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



श्री हिमांशु बैरागी



कुमारी कामिनी वारे

**विवाह अधिकारी,**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

---

**आम सूचना**

आम जन को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम हरदी (खार) पटवारी हल्का नं. 21 तहसील पचपेढ़ी राजस्व निरीक्षक मंडल जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 27/5 रकबा 0.91 एकड़, खसरा नं 687/01 रकबा 0.70 एकड़, 257 रकबा 0.05 एकड़ खसरा नं 35/8 रकबा 0.81 एकड़, 337/1 रकबा 0.25 एकड़, 325/3 रकबा 1.12 एकड़ एवं मौजा ग्राम चिल्हाटी तहसील पचपेढ़ी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं 682/1 रकबा 0.84 एकड़, खसरा नं 980/1 रकबा 0.62 एकड़ एवं मौजा ग्राम गोडाडीह तहसील पचपेढ़ी जिला बिलासपुर छ. ग. स्थित भूमि खसरा नं 39/1 रकबा 1 एकड़ 48 डिसमिल एवं शामिल खसरा नं 39/5 और 39/6 स्थित भूमिया जो कि अशोक साहू पिता स्व नन्दलाल साहू निवासी चिल्हाटी तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर छ. ग. की पैत्रिक संपत्ति है। उक्त भूमि के सम्बन्ध में माननीय व्यवहार न्यायालय के समक्ष बटवारा प्रकरण लंबित है जिसका व्यवहार वाद क्रमांक 358/3/2024 पक्षकार अशोक कुमार साहू बनाम सुरेन्द्र साहू वगैरह विचाराधीन है।

अत: उपरोक्त व्यवहार वाद प्रकरण के अंतिम निराकरण तक उपरोक्त वर्णित भूमियों के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, निकाय, संस्था से किसी भी प्रकार का क्रय विक्रय का सौदा, हस्तांतरण, दान, रहन गहन, बंधक का सौदा ना करे एवं न ही किसी प्रकार का लेन देन एवं दस्तावेज का निष्पादन करे यदि ऐसा किया जाता है तो उपरोक्त समस्त कार्यवाही शुन्य माना जावेगा तथा उस व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

स्थान - बिलासपुर छ. ग.
दिनांक - 30.01.2026

**भवदीय**
**अशोक साहू**
**पिता स्व नंदलाल साहू**
**निवासी - ग्राम चिल्हाटी तहसील पचपेढ़ी**
**जिला बिलासपुर छ. ग.**
**मोबाइल नं -7067280191**

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## ट्रिपल आईटी में 21वां युवा वैज्ञानिक सम्मेलन, शोधार्थियों को मिलेगा मंच

**बिलासपुर।** ट्रिपल आईटी में 21वां छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन- 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 17-18 मार्च को ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में हो रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के युवा शोधकर्ताओं के लिए स्वर्णिम अवसर होगा। इसमें विजेता को




21,000 रुपए पुरस्कार एवं राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में दो माह का शोध अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ के युवा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए 21वां छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन एक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित मंच प्रदान करने जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं ट्रिपल आईटी नया रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य युवा शोधकर्ताओं को आर्थिक प्रोत्साहन, राष्ट्रीय स्तर पर शोध अनुभव और अकादमिक पहचान प्रदान करना है। सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. कवीश्वर प्रशांत ने बताया कि छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन राज्य की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य प्रतिभाशाली युवा वैज्ञानिकों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस सम्मेलन के माध्यम से हम राज्य की विकास आवश्यकताओं से जुड़े मौलिक, नवोन्मेषी और गुणवत्तापूर्ण सोच को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

प्रेसवार्ता

## भव्य डॉग शो कल से बनेगा डॉग लवर्स हब



**बिलासपुर।** केनाइन क्लब द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय 15वाँ वार्षिक ऑल ब्रीड डॉग शो 1 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। त्रिवेणी भवन परिसर, व्यापार विहार में होने वाले इस आयोजन में देश-प्रदेश से चयनित एवं प्रशिक्षित विभिन्न नस्लों के डॉग्स हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्तर के जजों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। यह आयोजन डॉग लवर्स के साथ-साथ प्रशिक्षण और नस्ल संरक्षण के प्रति जागरूकता का मंच बनेगा। केनाइन क्लब के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय 15वें वार्षिक ऑल ब्रीड डॉग शो को लेकर उत्साह चरम पर है। आयोजन की जानकारी देने के लिए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्लब सदस्यों ने बताया कि यह शो 1 फरवरी को त्रिवेणी भवन परिसर, व्यापार विहार में सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होगा। इस प्रतिष्ठित डॉग शो में देश एवं प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से चयनित और प्रशिक्षित डॉग्स भाग लेंगे, जिनका मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी जजों द्वारा किया जाएगा।

आयोजन

## सेजेस तारबाहर में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तारबाहर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोडल सेजेस विद्यालय एवं सहायक संचालक अजय कौशिक, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य मुकेश पाण्डेय, एपीसी समग्र शिक्षा रोहित कुमार भांगे, सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेश तिवारी, यूआरसी बिल्हा शहरी वासुदेव पांडे एवं उषा चंद्रा प्राचार्य सेजेस तारबाहर के मार्गदर्शन में हुआ। सेजेस तारबाहर विद्यालय में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं तार्किक क्षमता के विकास के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम

## एसआर म्यूजिकल ग्रुप का संगीत 25 गायकों ने लिया हिस्सा



**बिलासपुर।** एस आर म्यूजिकल ग्रुप का संगीत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम में कोरबा, जांजगीर से 25 गायक-गायिका ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अंचल के सुप्रसिद्ध गायक मुकेश फेम, अंचल शर्मा,ज्योति शर्मा एवं शहर के पूर्व महापौर की धर्मपत्नी विनीता यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ी फिल्म आटा चक्की के प्रोड्यूसर अलख राय एवं फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर तरुण कुमार सोनी इस कार्यक्रम के खास मेहमान रहे। एस आर म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर डॉ रीता तिवारी, श्रवण कुमार यादव ने भी अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं का दिल जीत लिया। वहीं डायरेक्टर,सिंगर, मिमिक्री किंग बबलू शर्मा ने चुटिले अंदाज से सफल मंच का संचालन किया। ऑर्केस्ट्रा म्यूजिक मेलोडी के डायरेक्टर नीरज जैन ने भी फेसबुक, यूट्यूब चैनल के माध्यम से इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया।



50 दिन बाद शनिवार से शुक्र तारा उदय हो रहा है, इसके साथ मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही मांगलिक और विवाह समारोह शुरू होंगे, यह क्रम अगले महीने 21 फरवरी तक चलेगा। फरवरी में 3 से 21 तक 18 दिनों में सात दिन विवाह मुहूर्त हैं। 24 फरवरी को होला अष्टक लगने के साथ एक बार फिर से विवाह समारोह पर रोक लग जाएगी।

# मांगलिक कार्य आज से, विवाह व संस्कार किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ज्योतिषाचार्य जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि शुक्र के अस्त रहने की अवधि में विवाह व अन्य मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं निकलते। अब 31 जनवरी को शुक्र तारा के उदय होने के बाद पुनः शुभ योग बन रहे हैं। वर्ष 2026 में विवाह के लिए सबसे अधिक 17 शुभ मुहूर्त फरवरी माह में हैं।

पंडित ने बताया कि इस वर्ष ज्येष्ठ मास दो बार होगा, ऐसे में मलमास में विवाह नहीं होंगे वर्ष 2026 में ज्येष्ठ मास दो महीने का रहेगा दो मई से 31 मई तक और एक जून से 29 जून तक ज्येष्ठ मास होगा। इस दौरान 15 मई से 17 जून तक मलमास रहेगा, जिसमें विवाह सहित सभी शुभ मांगलिक काम वर्जित रहेंगे। इसके अलावा 25 जुलाई से शयन काल के कारण विवाह और अन्य मांगलिक काम नही होंगे। शयन काल के कारण विवाह और अन्य मांगलिक काम नहीं होंगे। वैदिक ज्योतिष के अनुसार विवाह के लिए सूर्य, गुरु और शुक्र का उदित होना आवश्यक है। इनमें से किसी एक के भी अस्त या अशुभ स्थिति में होने पर विवाह मुहूर्त नहीं बनता।

### 21 तक होंगे शुभ कार्य

पंडित ने बताया कि शुक्र उदय होने से आज से शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएंगे, जो 21 फरवरी तक चलेंगे। 24 फरवरी से होलाष्टक



लगने से शुभ कार्यों में विराम लग जाएगा। फरवरी माह में बड़ी संख्या में शादी का शुभ मुहुर्त है,जिससे माह भर शादी होगी फरवरी महीने में 3, 4, 5, 10, 19, 20, 21 तारीख को विवाह मुहूर्त हैं।





### माघी मेले की होगी शुरूआत

माघ पवित्र माह माना जाता है, इस समय स्नान,दान व अन्य शुभ कार्य करना अच्छा माना जाता है। माघ पूर्णिमा पर मेला भी लगता है,जिसमें रतनपुर, शिवरीनारायण सहित विभिन्न जगहों में मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें दूर-दूर के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचते है।



## महिलाओं ने किया नारी शक्ति दिवस पर प्रतिभा का प्रदर्शन, मिला अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबद्ध वनवासी विकास समिति के मार्गदर्शन में बिलासपुर महिला समिति द्वारा 26 जनवरी को वीरांगना, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रानी माँ गाइदिन्ल्यू की जयंती पर नारी शक्ति दिवस का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर में किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अखिल भारतीय प्रशिक्षण टोली की सदस्य, पूर्णकालिक महिला कार्यकर्ता वनवासी विकास समिति की सदस्य माधवी जोशी रहीं। विशिष्ट अतिथि महिला समन्वयक, प्रांत महिला प्रमुख रश्मि द्विवेदी तथा आनंद सागर सेवा, संस्थापिका डॉ. सुषमा पाण्ड्या रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री फूल कुमारी दीदी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी माँ गाइदिन्ल्यू के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता ने रानी माँ गाइदिन्ल्यू के त्याग, संघर्ष और नारी सशक्तिकरण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर नारी शक्ति अवार्ड, लोकनृत्य प्रतियोगिता, जनजातीय नायक-नायिकाओं पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा जनजातीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

रानी माँ गाइदिन्ल्यू को नमन कर वनवासी विकास समिति का आयोजन




### 6 बहनों को मिला नारी शक्ति अवार्ड

इस अवससर पर अतिथियों ने ऐसी 6 बहनों को जिन्होंने अपने कार्यों से ,उपलब्धियों से बाक़ी समाज को प्रेरित किया को नारी शक्ति अवॉर्ड दिया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए, साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में महिलाओं, बालिकाओं एवं नगर के लगभग 500 प्लस गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। उपस्थितजनों ने समरसता भोज का भी आनंद लिया। अंत में सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया। इस भव्य आयोजन की सफलता के पीछे बिलासपुर महिला समिति की बहनों का समर्पण, परिश्रम और सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम सफल बनाने में स्वाति राज गुप्ता, सुधा सिंह, मोना बोड़खे, छाया जैन, वर्षा ठक्कर, डॉ. रश्मि जितपुरे, सावित्री जाजोदिया, रेखा गुल्ला, किरण सिंह, स्वाती दानखड़े, नीलिमा देवांगन, नीरा पांडे, चुन्नी मौर्य, नंदिनी ठाकुर, लता गुप्ता, संगीता वर्मा, संगीता छत्रीय,पार्वती साहू, निर्मला ध्रुव , लक्ष्मी सोनी एवं अन्य बहनों ने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का महिला समिति ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ऐसा होना चाहिए ऐसा नहीं होना चाहिए, यही दुख का कारण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्लभ सत्संग प्रवचन खाटू श्याम मंदिर में आयोजित किया जा रहा है, पांचवे दिन शुक्रवार को पूज्य स्वामी ने कहा कि जब हम ईश्वर से प्राप्त शरीर का दुरुपयोग संसार के भोगने के लिए लगाते हैं, और उसके बाद चाहते हैं कि संसार भी हमें मिल जाए और भगवान भी हमें मिल जाए यह संभव नहीं है। यह तन संसार की सेवा में और भगवान की सेवा में लगाने का कार्य है तभी कल्याण संभव है।

स्वामी जी कहते हैं इसके प्रति प्रबल प्रेम रखने से आपको जरूर मिलेगा, इसलिए नाशवान चीजों से प्रेम हटाकर अविनाशी से प्रेम करना चाहिए। इन्होंने कहा कि समय सबसे अमूल्य है, इसे इंसान को कंजूस की भांति खर्च करना चाहिए क्योंकि समय आपके पास है तो धन कमा सकते हो किंतु धन आपके पास है समय नहीं कमा सकते। इसलिए समय का सदुपयोग करते रहिए भगवान के भजन भक्ति में लगाना चाहिए, यही सच्ची साधना है। एक जन्म की मां अपने बच्चों को बोलती नहीं है, बच्चा जैसा भी हो उसे लाल प्यार करती है। तो सोचिए भगवान हमारे कई जन्मों के माता-पिता है वह हमें कैसे भूल सकते हैं। भगवान कलयुग में अपने आप को इतना सरल सस्ता कर दिया है, कोई भी ईश्वर की प्राप्ति घर बैठे बैठे कर सकता है ना उसे जंगल जाना है। ना गृहस्थ छोड़ना है, ना साधु बनना है, बस हर घड़ी भगवान का चिंतन करते इसी जन्म में भगवान को प्राप्त कर सकते हैं। भगवान बड़े दयालु हैं वह जरूर दया करेंगे इसलिए उनका नाम दयानिधि कहा गया है, इसलिए भगवान को याद करते रहना चाहिए क्योंकि याद का उल्टा दया होता है, तो भगवान दया अवश्य करेंगे। हर पल समय-समय में यह कहते रहना चाहिए हे नाथ, है मेरे नाथ,मैं आपको भूलूं नहीं इससे भगवान और हमारे बीच संबंध स्थापित होगा। पूज्य स्वामी विजयनंद गिरि जी महाराज ऋषिकेश के धरती से बिलासपुर दुर्लभ सत्संग प्रवचन सुनने के लिए खाटू श्याम मंदिर पहुंचे हुए हैं, 1 फरवरी तक कथा निरंतर चल रही है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रध्दालु इस कथा को श्रवण कर रहे है। कथा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विश्वेशर पटेल मौजूद थे। यह जानकारी पंडित राजू शर्मा द्वारा दी गई।

## परीक्षा में सरल प्रश्नों को पहले हल करें, न बदलें प्रश्नों का क्रम

**बिलासपुर।** बोर्ड परीक्षाओं की तिथि घोषित हो चुकी है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक, 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक होंगी। वहीं, 5वीं बोर्ड परीक्षा 16 मार्च और 8वीं की 17 मार्च से शुरू



होंगी। ऐसे में परीक्षा की तैयारी के साथ परीक्षा कक्ष में उत्तर पुस्तिका लिखने के सही ढंग और क्रम मूल्यांकनकर्ता को जांचने में सहायक होते हैं। प्राचार्य एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल के विषय समिति के संयोजक मनीष गोवर्धन ने अपने 32 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि परीक्षा हाल में प्रश्न पत्र मिलने पर पहले 10 मिनट पेपर अच्छे से पढ़ें, ताकि यह मार्क कर सकें कि कौन से प्रश्नों के उत्तर अच्छे से याद है। प्रश्न पत्र हल करने का क्रम प्रारंभ से जिस क्रम में प्रश्न दिया है, उसी क्रम में उत्तर लिखें।क्योंकि, मूल्यांकनकर्ता को उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अंक प्रविष्ठ करना होता है।

स्पोटर्स न्यूज

## खिलाड़ियों के भविष्य के लिए विधानसभा में गूंजेगी आवाज, बजट बढ़ाने की करेंगे मांग

**बिलासपुर।** स्व. बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 6वी छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय स्वर्ण कप आमंत्रण ताइक्वांडो प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के भविष्य के लिए विधानसभा में बजट बढ़ाने की मांग करेंगे। मैदान से विधानसभा तक खेल बजट बढ़ाने के लिए मोर्चा संभालेंगे। ताकि बजट के अभाव में खिलाड़ियों का भविष्य अधूरा न रह जाए और वे अपना खेल भविष्य संवार के देश के पटल में चमक सके।




शनिवार को बहतराई स्थित इंडोर में उन्होंने कहा की बच्चो के कार्यक्रम में शामिल होने की तीव्र इच्छा ने मुझे यह खीच लाई है। हार से देना नही और जीत मिलने पर ज्यादा खुश नही होना चाहिए। क्योंकि चुनौती देने वाला हमेशा तैयार रहता है, इसलिए अपनी बेहतर तैयारियों पर ज्यादा शयन देने की आवश्यकता है। खेल में बहुत संभावनाएं है और राज्य का खेल बेस्ट काफी कम है, जिसे देखते हुए आगामी विधान सभा सत्र में खेल बजट बढ़ाने बात रखूंगा। ताकि खिलाड़ियों का खेल करियर बिना बढ़ा के फलफूल सके। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे बेलतारा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि शहर में लगातार खेल संबंधित मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर्यस किया जा रहा है। जिससे खेल के क्षेत्र में बड़ी संख्या में बच्चे आगे आ सके। उन्होंने आगे कहा की करोड़ों रुपए के विकास कार्य चल रहे है। जिससे जल्द ही खिलाड़ियों को सुविधाओ के साथ नई सौगात मिलेगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामदेव कुमावत ने टूर्नामेंट की विस्तार से जानकारी दी। शहर में होने वाले अभी को बेहतर सुविधा देना हमारा उद्देश है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेंट जेवियर के प्राचार्य जितेंद्र सिंह हुंडल ने कह कि मुझे गर्व है की भावी खिलाड़ियों से रूबरू होने का अवर मिला। हार और जीत से ज्यादा खेलना जरूरी है। क्योंकि जो खेलता है वो ही सही मायने में विजेता होता है। इसलिए खेल जरूरी है। ताइक्वांडो संघ के महासचिव राम पूरी गोस्वामी ने कहा कि ये अत्मरक्षा की कला है। इससे बच्चो में अनुशासन के साथ ही आत्मविश्वास बढ़ता है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 18 जिलों से आए 545 प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न पांच आयु एवं 88 भार वर्गों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बालक-बालिका, प्रेसर, सब जूनियर, कैडेट जूनियर एवं सीनियर वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी प्रदर्शन करेंगे।

## भारती की तूफानी रफ्तार व योगेन्द्र की लंबी छलांग से किया कब्जा

उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के द्वितीय सोपान के द्वितीय दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खेल भावना का परिचय दिया। सुबह की पाली की शुरुआत महिला एवं पुरुष वर्ग 200 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें महिला वर्ग में शिवम निकेतन की भारती ठाकुर ने फर्राटा भरते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमश मधुरम की इंद्राणी पाल मुस्कान केरकेट्टा ने प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल में शिवम के योगेन्द्र कुमार प्रथम,शिवम के ही रविशंकर द्वितीय तथा मधुरम के विनोद पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक पुरुष वर्ग मधुरम के विनोद पटेल ने सर्वाधिक दूरी तक भाला फेंक कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं शिवम्-के ओंकार एवं सत्यम के खेमराज ने क्रमशः द्वितीय



एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग भाला फेंक में सत्यम निकेतन नम्रता डहरिया ने प्रथम तथा समिता चक्रेश तृतीय तथा सुंदरम की सिसिलिया केरकेट्टा ने द्वितीय स्थान पर कब्ज़ा किया। तत्पश्चात लंबी कूद पुरुष वर्ग में शिवम के योगेन्द्र कुमार प्रथम,सत्यम के निकोलस कुजूर द्वितीय तथा सुंदरम के पुष्पेंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर शिवम्-की भारती एवं ज्ञानदेवी ने कब्ज़ा किया वहीं तृतीय स्थान पर रहीं मधुरम की इंद्राणी पाल। पूरे खेल में सुभाष त्रिपाठी, राकेश बाटवे, स्वर्णिम शुक्ला, अमृता मिश्रा, आशीष लहरे, डॉ भारती दुबे, एवं खेल समन्वयक करीम खान ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### आधार अपडेशन के लिए विशेष शिविर आज

**बिलासपुर।** भारतीय डाक विभाग, बिलासपुर संभाग द्वारा आम नागरिकों को आधार एनरोलमेंट एवं आधार अपडेशन की सुविधा उपलब्ध कराने 31 जनवरी को सवेरे 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशेष आधार शिविरों लगाया जा रहा है। यह शिविर ग्राम पंचायत रतंगा मरवाही, वार्ड-43 आंगनबाड़ी केंद्र बूटापारा देवरीखुर्द (बिलासपुर), आंगनबाड़ी केंद्र जनकपुरी जमनीपाली, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल कसेर पारा सक्ती, ग्राम भारती सरस्वती शिशु मंदिर कुद्रिपारा बांकीमोंगरा, वार्ड-33 कम्युनिटी हॉल आईटीआई रामपुर कोरबा कोलरी, वार्ड-10 शासकीय विद्यालय बोंगापारा जांजगीर, वार्ड-02 आंगनबाड़ी केंद्र बसंतपुर डभरा में लगाया जा रहा है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लिंगियाडीह बिलासपुर, आंगनबाड़ी केंद्र कर्मदी भैसमा एवं वार्ड-16 आंगनबाड़ी केंद्र कोहदिया कोरबा में शिविर लगेगा। शिविरों में आम नागरिक नया आधार कार्ड बनवाने के साथ-साथ पुराने आधार कार्ड में नाम, पता, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, बायोमेट्रिक अपडेट सहित अन्य आवश्यक सुधार एवं अपडेशन का कार्य करा सकेंगे।

### गांजा बेचने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** क्षेत्र में लंबे समय से नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने सिविल लाईन व सिरगिट्टी क्षेत्र में चिल्हर गांजा बेचने पर कार्रवाई की है। इस दौरान आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सिविल लाइन क्षेत्र के मिनी बस्ती में कई सालों से गांजा बेचने वाली महिला आरोपी केजा बाई पति छेदी खांडे, उम्र 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 200 ग्राम गांजा व श्रीमती जाहिरन बी पति हारून खान, उम्र 58 वर्ष से 220 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसी तरह सिरगिट्टी क्षेत्र के रहने वाले दो आरोपी राजू दास मानिकपुरी पिता अर्जुन दास मानिकपुरी, उम्र 55 वर्ष पर कार्रवाई करते हुए 570 ग्राम गांजा व यादव नगर तिफरा निवासी मन्नू यादव पिता महेश यादव, उम्र 26 वर्ष से 593 ग्राम गांजा बरामद कर लिया है। दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार एंड टू एंड कार्रवाई करते हुए चिल्हर गांजा विक्रेता के सहारे मुख्य सप्लायरों तक पहुँचने का प्रयास कर रही है।

### सड़क पर काटा केक दो युवक हिरासत में

**बिलासपुर।** दो गाड़ियों को सड़क पर अड़ाकर केक काटना युवकों को भारी पड़ गया। उनके आयोजन की खबर पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया और गाड़ियों को जब्त कर लिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। कस्तुरबा नगर जरहाभाठा में कुछ लड़के सड़क पर स्कूटी और अन्य बाइक अड़ा कर केक काट रहे है। पुलिस को इसकी भनक लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ज्यादातर लड़के भाग खड़े हुए। पुलिस ने बर्थडे बॉय रितिक यादव उम्र 24 वर्ष और पुष्कर यादव 20 वर्ष पिता दिलीप यादव उम्र 24 वर्ष को हिरासत में ले लिया। वहीं अन्य युवक भाग खड़े हुए। पुलिस ने मौके से स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीवी 0732 व सीजी 10 एजे 4233 को जब्त कर लिया है। मामले में एसआई विष्णु यादव ने एफआईआर दर्ज कराया है।

**पुलिस मैदान में होगा कवि सम्मेलन** | आयोजन समिति ने केवल हिंदुओं को प्रवेश देने का किया था प्रचार

# पुलिस ने लिया संज्ञानः साहित्य के सांप्रदायिकरण पर चला कानून का डंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस मैदान में शनिवार को आयोजित कवि सम्मेलन में बैनर, पोस्टर एवं अनाउसमेंट के माध्यम से केवल हिंदुओं को प्रवेश देने संबंधी प्रचार का विभिन्न संगठनों द्वारा विरोध करने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। पुलिस ने समिति को ऐसे आयोजन को किसी भी तरह का सांप्रदायिक रूप न देने की समझाइश दी, जिसके बाद समिति ने शपथ पत्र देते हुए समारोह में सभी जाति-धर्म के लोगों को प्रवेश दिए जाने की बात कही।

■ अब सभी धर्मों को मिलेगा प्रवेश

सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में शनिवार को पुलिस मैदान में आयोजित अखिल भारतीय हिंदू शौर्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कई दिनों से प्रचार प्रसार किए जा रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा प्रचार-प्रसार के अंतर्गत बैनर-पोस्टर एवं एनाऊंसमेंट के माध्यम से कार्यक्रम में केवल हिंदू धर्म के लोगों को ही प्रवेश देने की बात कही जा रही थी। इस बात का शहर के सामाजिक संगठनों, साहित्यकारों एवं शहरवासियों ने पुरजोर विरोध किया था। इनका कहना था कि इस तरह के कार्यक्रमों का सांप्रदायिककरण शहर का माहौल खराब कर सकता है। पुलिस प्रशासन द्वारा इस बात पर संज्ञान लेते हुए आयोजन समिति के पदाधिकारियों को तलब किया गया था।


फाइल फोटो

इस दौरान पुलिस द्वारा आयोजन समिति को समझाइश दी गई कि आयोजन में किसी धर्म या जाति विशेष को ही प्रवेश देने व शेष का प्रवेश वर्जित रखने से न केवल लोगों के सम्मान को ठेस पहुंचती है, बल्कि शहर में माहौल भी खराब हो सकता है। पुलिस की समझाइश के बाद आयोजन समिति ने शपथ पत्र के साथ कार्यक्रम में सभी धर्म एवं जाति के लोगों को प्रवेश देने की बात कही है। इसके साथ ही समिति ने पोस्टर में केवल हिंदुओं को प्रवेश देने वाली लाईन पर टेप लगाकर आपत्तिजनक शब्दों को छिपा दिया है।

### मैदान पुलिस का और पुलिस ही थी बेखबर

पुलिस मैदान किसी भी संगठन को सहज रूप से उपलब्ध नहीं कराया जाता, आयोजन के लिए आवेदन देने वालों से दस बार नाक रगड़वाई जाती है, उसके बाद भी खाली हाथ लौटा दिया जाता है, लेकिन पुलिस प्रशासन ने इस आयोजन के लिए सहज भाव से मैदान उपलब्ध करा दिया। इतना ही नहीं, बल्कि आयोजन से संबंधित प्रचार सामग्री भी सिविल लाइन थाने के ठीक सामने स्थित पुलिस मैदान में ही लगाई गई थी, जिसमें केवल हिंदुओं को प्रवेश देने की बात लिखी गई थी, लेकिन पुलिस बेखबर थी। सामाजिक संगठनों का विरोध सामने आने के बाद पुलिस के द्वारा मामले को संज्ञान में लिया गया।

### समिति ने दिया है शपथपत्र

आयोजन समिति के पदाधिकारियों को बुलाकर समझाइश दी गई कि आयोजन में किसी भी जाति या धर्म विशेष को ही प्रवेश देने एवं शेष का प्रवेश वर्जित करने से न केवल लोगों के मान-सम्मान को ठेस पहुंचती है, बल्कि शहर का माहौल भी दूषित होता है। समिति के द्वारा सभी जाति-धर्म के लोगों को प्रवेश देने संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

-पंकज पटेल, एडिशनल एसपी सिटी

बाजार विभाग के पास दुकानदारों ने 8 लाख 32 हजार राशि जमा की

# पांच सालों से जमा नहीं किया 10 लाख, विरोध हंगामे के बीच शनिचरी की 18 दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिचरी स्थित 18 दुकानों को निगम ने शुक्रवार की दोपहर सील कर दिया। इन दुकानदारों से पिछले पांच सालों से करीब 10 लाख रुपए किराया जमा नहीं किया था। दुकानदारों को तीन बार नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। भारी विरोध और हंगामे के बीच निगम ने तालाबंदी कर दी। इस दौरान निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के पास नेताओं के फोन भी आते रहे है। हालांकि बाद में शाम को दुकानदारों ने 8 लाख 32 हजार राशि जमा कर दी। इसके बाद सील दुकानें खोल दीं गईं। दो दुकानें जिन्होंने पौने दो लाख रुपए जमा नहीं किया उनकी तालाबंदी नहीं खोली गई।

■ निगम की सख्ती के बाद शाम को हरकत में आए दुकानदार

शुक्रवार को निगम ने शनिचरी बाजार में रपटा के पास, बाल्मिकी चौक, हरदेवलाल मंदिर के पास दुकानों में किरायेदार के रूप में काबिज 17 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सुबह दुकानों में ताला लगा दिया। जिसके बाद 16 दुकानदारों ने शाम तक बकाया किराए की राशि में से लगभग 8 लाख 32 हजार रुपए जमा कर दिए। इन सभी दुकानदारों का करीब 14 लाख रुपए बकाया था। सीलबंदी की कार्रवाई के बाद सभी ने निगम कार्यालय पहुंचकर बकाया राशि में से आधी रकम का भुगतान किया है। शेष बकाया राशि जल्द जमा करने का आश्वासन दिया है,जिसके बाद सभी दुकानों से सील खोल दी गई।


दुकान को सील करते नगर निगम के कर्मचारी।

### इन पर है इतना बकाया

ताराचंद (4 दुकानें) - 247670
महेश बाजपेयी (2 दुकान)- 102667
रितेश श्रीवास्तव- 40219
शुभम गुप्ता- 56824
सुरेश गुप्ता- 40965
राजेन्द्र सिंह- 106518
राजेन्द्र सिंह-67553
विशाल पमनानी- 43093
राजेश कुमार- 56215
अजय गुप्ता- 100543
विजय सराफ- 74303
मनोज कुमार- 53623
अजय गुप्ता-100543
विजय सराफ- 74303

### किराया सिर्फ 800, वो भी नहीं चुका रहे

निगम से मिली जानकारी के मुताबिक इन दुकानों का किराया 800 रुपए से लेकर एक हजार तक है। इसके बाद भी इनका किराया नहीं जमा किया जा रहा था। यह भी जानकारी मिली कि इनमें से अधिकांश लोगों ने दुकानों को उपकिराएदारी में चढ़ा दिया है और दूसरे लोगों सो 40 हजार रुपए प्रति महीना तक ले रहे हैं। ध्यान रहे कि नगर निगम की दुकानें मुख्य रूप से गोल बाजार, शनिचरी बाजार, प्रताप चौक आदि जगहों में है। कई दुकानों को 20 तो कुछ को 90 साल पहले मामूली किराए पर दिया गया है। तय नियम के अनुसार पिछली बार सभी दुकानदारों की लीज 30 साल के लिए नवीनीकरण किया गया था। उनकी अवधि भी पूरी हो चुकी है।

# स्कूल के बाहर भिड़े नाबालिग चाकूबाजी से थर्राया इलाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा थाना क्षेत्र स्थित पंडित रामदुलारे आत्मानंद स्कूल, मुक्तिधाम एक बार फिर गंभीर विवादों के कारण सुर्खियों में आ गया है। स्कूल की छुट्टी के बाद शुक्रवार की शाम कक्षा नवमी और दसवीं के छात्रों के बीच जमकर झड़प हुई। विवाद इतना बढ़ा कि नाबालिग बच्चों ने चाकू निकलकर हमला कर दिया। इस वारदात में कक्षा नवमी के दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकंडा पुलिस ने मामले में 4 नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया है, जांच जारी है।



सूत्रों के अनुसार स्कूल की छुट्टी रोजाना 4 बजे होती है। कक्षा नवमीं और दसवीं के छात्रों के दो गुटों में कहासुनी हुई। इन लोगों के बीच पहले से ही आपसी रंजिश है। इसी दौरान कक्षा दसवीं के कुछ छात्रों ने अपने साथियों और कुछ बाहरी युवकों को स्कूल परिसर के आसपास बुला लिया। करीब 4:15 बजे, जब कक्षा नवमी के दोनों छात्र स्कूल से बाहर निकले,दूसरे पक्ष के लोगों ने गाली गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। इससे पहले 9वीं के छात्र कुछ समझ पाते चार युवकों ने उन पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। हमले में एक छात्र को सीने और पीठ, जबकि दूसरे को पेट और पीठ में गंभीर चोटें आईं। वारदात के बाद स्कूल परिसर और आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने तत्काल सरकंडा थाना को जानकारी दी। इस बीच कुछ लोगों ने घटना का वीडियो भी बना लिया है। फिलहाल मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 4 नाबालिग को हिरासत में लिया है और पुछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अन्य लड़कों की पतासाजी की जा रही है।

### पुलिस की कार्रवाई आरोपी हिरासत में

सूचना मिलते ही सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छात्रों को तुरंत वाहन से अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मौके से कक्षा दसवीं के उन छात्रों को भी हिरासत में लिया, जिन पर अपने साथियों को बुलाने का आरोप है। साथ ही, अन्य संदिग्ध युवकों को भी पकड़कर थाने ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से चाकू के संबंध में पूछताछ की जा रही है। हालांकि पकड़े गए युवक खुद को बेगुनाह बताते रहे, लेकिन घायल छात्रों की निशानदेही पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

### छात्राओं के बीच जमकर मारपीट

इसी स्कूल से जुड़ी एक और हिंसक घटना एक दिन पहले सामने आई थी। गुरुवार को स्कूल की छुट्टी के बाद करीब 4:30 बजे, आत्मानंद स्कूल मुक्तिधाम के बाहर खुली सड़क पर छात्राओं के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान झूमाझटकी और पटका-पटकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। छात्राओं के बीच विवाद भी आपसी निजी संबंधों को लेकर हुआ था। बहस ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों गुट आपस में भिड़ गए। बाद में लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया, लेकिन इसकी जानकारी अब चाकूबाजी की घटना के बाद सामने आई है।

### स्कूल के बाहर अक्सर होता है विवाद

पंडित रामदुलारे आत्मानंद स्कूल, मुक्तिधाम इससे पहले भी शैक्षणिक अनुशासन, मारपीट, नकल, छात्रों पर कथित मानसिक दबाव और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में रहा है। लगातार दो दिनों से हो रही घटनाओं ने स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पूछताछ जारी

पुलिस सूचना में तत्काल पहुंच गई थी, 4 लड़कों को थाने लगाया गया है। अभी पूछताछ की जा रही है। अन्य भी शामिल होंगे तो उन्हें हिरासत में लिया जाएगा। दोनों गैंग के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

-प्रदीप आर्या, टीआई, सरकंडा थाना

# बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सख्ती, 3 महीने तक शिक्षकों की छुट्टियों पर रोक, लगाया एस्मा

**30 अप्रैल तक छुट्टी और आंदोलन पर पाबंदी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसके साथ ही मार्च में 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन ने बड़ा कदम उठाते हुए 'एस्मा' यानी आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम लागू कर दिया है। यह आदेश 15 फरवरी से प्रभावी होगा और 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। इस दौरान परीक्षा कार्य से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों की जिम्मेदारियां बढ़ जाएंगी और वे अनिवार्य सेवाओं से पीछे नहीं हट सकेंगे।

■ अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई हिदायत

इस आदेश के बाद अब आगामी तीन महीनों तक शिक्षक न तो लंबी छुट्टी ले सकेंगे और न ही किसी प्रकार का आंदोलन कर पाएंगे। शासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा ड्यूटी और मूल्यांकन कार्य से कोई भी कर्मचारी इनकार नहीं कर सकेगा। यह पाबंदी मूल्यांकन कार्य की समाप्ति यानी 30 अप्रैल तक लागू रहेगी।

यह भी कहा गया है कि छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण अधिनियम 1979 के तहत जारी इस फरमान का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अधिकारियों के अनुसार शासन का मुख्य उद्देश्य छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षाओं और रिजल्ट की प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के पूरा करना है।

### सभी सेवाओं को अत्यावश्यक माना गया




जारी सरकारी आदेश के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा मण्डल से जुड़ी सभी सेवाओं को अत्यावश्यक माना गया है। इसमें परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच तक के काम शामिल हैं। विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन करें। परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की हड़ताल या काम रोकने की कोशिश को अवैध माना जाएगा।

### यह होता है एस्मा

एस्मा (ईएसएमए) एक ऐसा कानून है, जिसके तहत सरकार आवश्यक सेवाओं में हड़ताल या बाधा डालने से रोकने के लिए प्रतिबंध लगाती है। एस्मा का मतलब आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम है, जो एक भारतीय कानून है और इसका उद्देश्य सार्वजनिक जीवन को प्रभावित करने वाली जरूरी सेवाओं (जैसे स्वास्थ्य, परिवहन, बिजली) की आपूर्ति और रखरखाव सुनिश्चित करना है, खासकर जब कर्मचारी हड़ताल पर जाते हैं। इस कानून के लागू होने पर हड़ताल करना अवैध हो जाता है और इसमें शामिल कर्मचारियों को बिना वारंट के गिरफ्तार किया जा सकता है और उन्हें सजा भी मिल सकती है।

# नशे के खिलाफ जागी पुलिस, दो पकड़े गए

**बिलासपुर।** नाबालिग बच्चों को नशे के गिरफ्त में पहुंचाने के मामले ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में नशे का इंजेक्शन बरामद किया गया है।




आरोपी।

सूत्रों के अनुसार कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि जूना बिलासपुर में एक व्यक्ति नाबालिग बच्चों को नशे का इंजेक्शन देकर उन्हें नशे का आदी बना रहा है। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे पकड़ने में कामयाबी पाई है। मौके पर पुलिस को देखकर कुछ नाबालिग बच्चे भाग गए, लेकिन पुलिस ने आरोपी अमन विश्वकर्मा उर्फ टेंगा (उम्र 25 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी के दौरान एविल इंजेक्शन 400 नग व नशीला टेबलेट बरामद किया गया है। इस दौरान परिसर से खाली शीशियां भी मिली है, जिससे प्रतीत होता है कि आरोपी मौके पर छोटे बच्चों को इंजेक्शन लगाता है।

### बच्चों को बेचता था इंजेक्शन

जांच में पता चला है कि आरोपी इंजेक्शन व दवाइयों को मिलाकर नाबालिग बच्चों को नशा कराने के लिए मजबूर करता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बच्चों को नशीला पदार्थ देने के लिए आरोपी को जेल भेज दिया है।

### मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया आरोपी

मोहल्ले में अवैध नशीली दवा बेचने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम गली की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नशीला दवा बेचने के फिराक में घुम रहा है।सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुँची और घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा लिया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रिंस बोले, पिता चन्द्रप्रकाश बोले, उम्र 20 वर्ष, निवासी नयापारा दयालबंद बताया है। पुलिस ने उसकी तलाशी ली और आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित श्रेणी निस्ट्रोसन और निस्ट्रोजेस्कैन की 90 टैबलेट बरामद की गई है। आरोपी उक्त दवाइयों के विक्रय संबंधी कोई वैध चिकित्सकीय दस्तावेज या प्रिस्क्रिप्शन नहीं दिखा सकता है। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है।

# आईजी ने किया सिविल लाइन सहित अन्य थानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

थानों में फरियादियों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे सिविल लाईन और तोरवा थाने पहुंचें। उनके साथ एसएसपी रजनेश सिंह व प्रशिक्षु आईपीएस सुश्री अंशिका जैन भी रहीं।

निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाना परिसर की साफ सफाई,फरियादियों के बैठने व्यवस्था रजिस्टरों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। रिकॉर्ड दुरुस्त रखने की हिदायत दी। शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निराकरण करने और फरियादियों से बेहतर तरीके से व्यवहार करने की बात कही। थाने के कार्यों की फीड बैक लेने अनुभव अभियान के तहत क्यू आर कोड लगाने,चोरी के वाहनों की शत प्रतिशत बरामदगी हेतु सशक्त एप व लावारिस वाहनों की एंट्री के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।


थाने का निरीक्षण करते आईजी रामगोपाल गर्ग।

थाना सिविल लाइन और थाना तोरवा के निरीक्षण के बाद रक्षित केंद्र पहुंचें, इस दौरान निर्माणाधीन रक्षित निरीक्षक कार्यालय की प्रगति के विषय पर अधिकारियों से चर्चा की।






## खबर संक्षेप

### आवास के काम पूर्ण करने के दिए गए निर्देश




**तखतपुर।** कलेक्टर बिलासपुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर के निर्देश के अनुसार ग्राम पंचायत घुटकू के 251 आवास हितग्राहियों के घर-घर जनपद की टीम पहुंची। सीईओ सत्यव्रत तिवारी सहित पूरा जनपद की टीम दिन भर घुटकू में रही। सभी अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवास हितग्राहियों के घर-घर जाकर जल्द ही कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त अभियान में प्रमुख रूप में सीईओ जनपद पंचायत तखतपुर सत्यव्रत तिवारी पूरा जनपद टीम के साथ क्षेत्रीय जनपद सदस्य रानी रवि सोनी, सरपंच तिलकचंद वर्मा, डीईओ, पीओ, एजीपीओ, उपअभियंता, एडीईओ, तकनीकी सहायक, उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, वार्ड पंच, आवासमित्र, मेट, महिला समूह के सदस्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शिक्षा उज्जवल भविष्य की नींवः धर्मजीत




**तखतपुर।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत करोड़ों के कार्यों का विधायक धर्मजीत सिंह ने भूमि पूजन किया। ग्राम मोछ में शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल लागत 1 करोड़ 20 लाख 33 हजार, ग्राम पंचायत में 30 लाख की लागत से महतारी सदन का निर्माण का भी भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि जब से प्रदेश में विष्णु देव की सरकार आई है तब से विकास कार्य तेजी से हो रहा है। हमारी सरकार शिक्षा को लेकर बहुत संजीदा है। हमारी सरकार की मंशा है कि शिक्षा पहली प्राथमिकता रहे ताकि लोग शिक्षित बन कर उच्च पदों पर पहुंचे एवं घर व परिवार का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष कौशिक जनपद अध्यक्ष डॉक्टर माधवी वस्त्रकार जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता संतोष कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता प्रेम सिंगरौल एवं आभार सरपंच द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग सब इंजीनियर अमीषा मिरि, राकेश तिवारी, रामकुमार निर्मलकर, नैनलाल साहू, विशाल सिंह, प्रमोद सिंह ठाकुर, रामकुमार सिंगरौल, अंबिका साहू शिवेंद्र कौशिक जनक सिंगरौल कृष्ण कुमार साहू गुलजीत खुराना राजकमल कश्यप संतोष गौरहा राजकमल साहू निहाल साहू मलय जहानि सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सीएसपीडीसीएल ने मनाया रजत महोत्सव



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के गौरवशाली 25वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के द्वारा ग्राम पंचायत भवन दैजा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष के रूप में संतोषी कौशिक सरपंच ग्राम पंचायत दैजा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्येंद्र तिवारी सरपंच ग्राम पंचायत ढनढन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कनिष्ठ यंत्री कमलेश पटेल के द्वारा राज्य गठन के पश्चात 25 वर्षों में ऊर्जा के क्षेत्र में हुए विकाश की जानकारी प्रदान की गई। मंचस्थ अतिथियों के द्वारा एकल बत्ती कनेक्शन, घरेलू कनेक्शन, कृषि पंप कनेक्शन, गैर घरेलू कनेक्शन एवम पी एम सूर्यघर योजना अंतर्गत लाभान्वित उपभोक्तओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। सहायक यंत्री हरिनारायण लहरी के द्वारा पी एम सूर्यघर योजना से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी उपस्थित नागरिकों को प्रदान की गई। साथ ही पीएम सूर्यघर योजना के पंजीयन हेतु रजिस्ट्रेशन डेस्क की व्यवस्था की गयी थी।कार्यक्रम में सरपंच पोंगरिहा, अनिल कौशिक, रचित दुआ कनिष्ठ यंत्री, प्रवीण कश्यप, उपसरपंच दैजा ,सुनील डोंगरे, बलदाऊ पटेल, ज्ञानेश्वर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### फाइलेरिया दवा सेवन अभियान के तहत कार्यशाला



**करगीरोड कोटा।** विकासखंड कोटा में आगामी फाइलेरिया सामूहिक दवा सेवन अभियान को सफल बनाने के लिए कमर कस ली गई है। शुक्रवार को विकासखंड स्तर पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में क्षेत्र के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों और पीएचसी प्रभारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में दवाओं की सही खुराक, ऊंचाई के अनुसार दवा का निर्धारण और अभियान के दौरान आने वाली चुनौतियों के प्रबंधन पर चर्चा की गई। बीएमओ ने निर्देश दिए कि दवा अपने सामने खिलाने के नियम का सख्ती से पालन किया जाए। इस अभियान का उद्देश्य हर पात्र नागरिक को फाइलेरिया से सुरक्षित करना है।

### सेतगंगा में 1 फरवरी से लगेगा मेला

# माघी पूर्णिमा मेले में जुटेगी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली



सेतगंगा में माघी पूर्णिमा के अवसर पर आगामी 1 फरवरी से 5 दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी में जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत तथा स्थानीयजन जुटे हुए हैं। मेले में भगवान श्रीराम जानकी के दर्शन के लिए जिले सहित पूरे संभाग से हजारों भक्तों की भीड़ जुटने वाली है।

जिला मुख्यालय से महज 22 किलोमीटर की दूरी पर मुंगेली-जबलपुर राजकीय मार्ग में मुंगेली पंडरिया के मध्य टेसुआ नदी के तट पर अद्वितीय पुरातात्विक मनोरम ऐतिहासिक प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर स्थित है, जो धार्मिक आस्था का परिचायक है। यहां प्रति सप्ताह दिन रविवार को आम बाजार संचालन होता है। माघ पूर्णिमा के पावन बेला पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है, जिसकी सम्पूर्ण देखरेख ग्राम व जनपद पंचायत करती है। धार्मिक मान्यता है कि सागर, सरोवर नदी व कुंड में स्नान करने मात्र से दाद एवं खुजली सहित विभिन्न व्याधियां अपने आप ही दूर हो जाती है। गहरी आस्था होने के कारण दूर-दूर से श्रद्धालु आवागमन करते हैं।

#### सूख जाता है नर्मदा कुंड का पानी

बीते कुछ समय से मां नर्मदा कुंड मेला प्रारम्भ होने से पहले ही कुंड का पानी सूख जाता है। नर्मदा कुंड की महत्ता और श्रद्धालुओं की श्रद्धा को देखते हुए मंदिर व मेले प्रबंधन कमेटी को स्नान के लिए पानी की व्यवस्था पर ध्यान दी जानी चाहिए। स्नान व पूजन के बाद लोग मेले का आनंद उठाते हैं। मेले में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस थाना फास्टरपुर सेतगंगा द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की जाती है। मंदिर व मेले परिसर में दुकानें सभी प्रकार के झूले लगाए जा रहे हैं। मंदिर के समीप कुंड में भक्त बड़ी संख्या में आस्था रूपी डुबकी लगाएंगे।

## यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज की बाइक रैली




**मुंगेली।** यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण समाज के आह्वान पर समाज के वरिष्ठजन, युवाशक्ति और मातृशक्ति एकजुट होकर बाइक रैली निकाली।

बाइक रैली पुराना बस स्टैंड स्थित कम्युनिटी हॉल से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची, जहां प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली के दौरान समाज के विभिन्न समाज प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों ने एक स्वर में यूजीसी बिल को जनविरोधी और विभाजनकारी बताते हुए इसे काला कानून करार दिया। सवर्ण समाज ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि यह संघर्ष शांतिपूर्ण होते हुए भी अडिग, निर्णायक और निरंतर रहेगा। जब तक यूजीसी बिल वापस नहीं लिया जाता, तब तक समाज अपनी लोकतांत्रिक लड़ाई पूरी मजबूती के साथ जारी रखेगा।

## कलेक्टोरेट में मौन धारण कर बापू को दी गई श्रद्धांजलि

**मुंगेली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कलेक्टोरेट के अधिकारी–कर्मचारियों ने शुक्रवार सुबह 11 बजे जिला कलेक्टोरेट परिसर में दो मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों ने सहभागिता की। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदशोंर् का स्मरण किया तथा देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान सत्य, अहिंसा और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प भी व्यक्त किया गया।



### श्रद्धापूर्वक मनाई गई बापू की पुण्यतिथि

**मल्हार।** तक्षशिला उच्च माध्यमिक विद्यालय जोंधरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा मनाई। इस अवसर पर गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तथा उनके सत्य, अहिंसा और शांति के संदेशों पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल, पूरन सिंह ठाकुर, राजेश कुमार यादव, बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, वीरेंद्र साहू, चन्द्रकला पटेल, सीमा साहू, प्रीतम पटेल, कुंती, निहारिका, गीतांजलि, शिवकुमार, साहिल कुमार, गीता, स्नेहा, सूर्यकान्त, प्रतीक्षा, निशा, कामिनी, रीमा, मुस्कान आदि उपस्थित थे।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

महिलाओं के कार्यस्थल पर सम्मान, सुरक्षा एवं समान अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष नरेन्द्र कोटड़िया, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गोपाल लांझी, रायपुर प्रशिक्षक सरवत नकवी एवं महिला संरक्षण अधिकारी सीतामणी कच्छप मौजूद रहे।

कार्यशाला के दौरान शासकीय, अशासकीय एवं निजी संस्थानों से आए प्रतिभागियों को पॉश अधिनियम 2013 की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आंतरिक शिकायत समिति, स्थानीय समिति शी-बाक्स पोर्टल, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा पीड़ित महिलाओं के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अधिनियम के उल्लंघन की स्थिति में 50 हजार रूपए तक के जुर्माने सहित दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक, चाइल्ड हेल्पलाइन उमाशंकर कश्यप, शिवकुमार नेताम, सदस्य मोहित घृतलहरे, रीतिमा लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तखतपुर में समाज के लोगों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन




**तखतपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लागू किए गए नए नियम 2026 के विरोध में सवर्ण समाज ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से जिला प्रशासन बिलासपुर को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि यूजीसी द्वारा 13 जनवरी से लागू किए गए नए नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता के सिद्धांत के विपरीत हैं। सवर्ण समाज का आरोप है कि इन नियमों से सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ भेदभाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि यूजीसी के नए नियमों में संशोधन किया जाए। इस मौके पर सुखदेव सिंह हेमराज मंगलानी मोहन पांडे राकेश तिवारी रमन हारा आकाश ठाकुर राजकुमार शर्मा आयुष सिंह अशोक कुमार पांडे किशन पांडे हर प्रसाद मिश्रा संजय शर्मा चंद्र प्रकाश कृष्ण कुमार शर्मा कैलाश मित्तल राकेश मदनी रवि शंकर पांडे अमित सिंह चंद्रकांत क्षत्री नवीन सिंह रितेश तिवारी चंद्रकांत द्विवेदी दिनेश पाण्डेय हनी पाण्डेय धन्नू ठाकुर योगेश सिंह रोहित सिंह विनय पांडे ए सुशील सिंगरौल नूतन टेकवानी संजय गुप्ता मोनू ठाकुर केशव शर्मा चिंटु ठाकुर विक्की ठाकुर अयोध्या ठाकुर राजीव मिश्रा श्रवण सिंह विजय पांडे प्रमोद कुमार शर्मा दिलीप तोलानी जीवनलाल पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

## मां शीतला विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव सह सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया




मां शीतला विद्या मंदिर टोनहीचुवा कंचनपुर-कुकुसदा में वार्षिक उत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार, सांस्कृतिक चेतना, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण का सुंदर समन्वय देखने को मिला। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे ने कहा कि, मां शीतला विद्या मंदिर विगत चार वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव के रूप में कार्य कर रहा है। यह विद्यालय न केवल शिक्षा का प्रसार कर रहा है बल्कि समाज निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिपं सभापति वशीउल्लाह शेख ने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद यहां के बच्चे अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ग्रहण कर अपने माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने शाला विकास हेतु 2 हजार 100 की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर ठाकुर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी। कंचनपुर सरपंच आशा चूड़ामणि रात्रे ने विद्यालय द्वारा निरंतर आयोजित शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की। विद्यालय के प्राचार्य गौकरण प्रसाद जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि, यह विद्यालय क्षेत्र के शैक्षणिक विकास एवं जागरूकता के उद्देश्य से स्थापित किया गया है, जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने पर विशेष बल दिया जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन मिस अंशिका दयाल एवं लक्ष्मीन साहू ने किया।

**इनका हुआ सम्मान-** सम्मान समारोह के अंतर्गत शिक्षक रविशंकर निषाद एवं शिक्षिका मधु मरकाम को शिक्षा रत्न, मिस अंशिका दयाल को बेस्ट मैनेजमेंट, लक्ष्मीन साहू को स्कूल डेवलपमेंट, तथा विद्यार्थियों गीतांजलि पटेल एवं मनीषा मरकाम को बेस्ट स्टूडेंट सम्मान से नवाजा गया। साथ ही वार्षिक एवं खेल उत्सव में भाग लेने वाले सभी बच्चों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के अध्यक्ष नर्बद कश्यप सहित जनप्रतिनिधि, सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बुढ़ीखार शासकीय स्कूल का वार्षिकोउत्सव संपन्न

**मल्हार।** क्षेत्र के सबसे पुराने हायर सेकेंडरी स्कूल बुढ़ीखार में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे, जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे, भाजपा नेता दीपक गुप्ता, ओखर सरपंच ललिता लक्ष्मी प्रसाद यादव की उपस्थिति रही। स्कूल के लगभग सभी छात्र-छात्राओं ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित नागरिकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीत एवं नृत्य के साथ देश के अन्य प्रदेशों की सांस्कृतिक विधाओं को प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि बावरे ने अपनी ने कहा, शासकीय उमा विद्यालय बुढ़ीखार अन्य विद्यालयों से भिन्न है, यहां बच्चों एवं शिक्षकों में प्रत्येक गतिविधियों पर सहयोग के साथ अध्यापन व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाता है। जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे ने कहा कि, कक्ष के अभाव होने के बावजूद अध्यापन सहित सभी गतिविधियों का संचालन तारीफे काबिल है। शाला विकास समिति ग्रामवासी एवं शिक्षकों में बेहतर तालमेल जो बच्चों के हित में देखा जाता है, जो प्रशंसनीय है। शाला विकास समिति एवं प्राचार्य ने कहा कि ग्राम पंचायत के सदस्यों के सहयोग से अनेक कार्य पूरे होते रहे हैं, मैं जितना प्रशंसा करूं, वह कम ही होगी। कार्यक्रम में प्राचार्य काशीराम रजक ने बताया कि, हम लोग बच्चों में जागरूकता लाने के लिए शासन के द्वारा संचालित लगभग हर गतिविधियों का पालन करते हुए कार्य करते हैं। इस संस्था में 2022 से अध्यापन कक्ष की कमी के संबंध में अनेकों बार उच्च पदाधिकारियों को लिखा गया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। उन्होंने उपस्थित लोगों से अध्यापन कक्ष हेतु अंशदान देने की अपील की जिसे शाला विकास समिति के सदस्यों एवं सरपंच ग्राम पंचायत पांच उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वीकार किया। कार्यक्रम का संचालन रूपेंद्र सिंह महिलांगे एवं कल्पना टंडन ने किया।




### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

# केंद्र की नीतियों ने मजदूरों और किसानों को हाशिये पर धकेलाः कांग्रेस



**तखतपुर, मुंगेली, लोरमी, पेंड्रा, मल्हार।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर बेलपान में कांग्रेसजन ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत एकदिवसीय धरना प्रदर्शन तथा किसानों की सम्पूर्ण धान खरीदी सुनिश्चित करने एवं खरीदी अवधि बढ़ाने हेतु सांकेतिक चक्काजाम किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में आशीष गोयल एवं अशोक राजवाल उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों ने मजदूरों और किसानों को हाशिये पर धकेल दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी ने कहा कि गांधीजी का जीवन हमें सिखाता है कि अन्याय के विरुद्ध संगठित संघर्ष ही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम को बीजा मंडल अध्यक्ष अभय कौशिक, बेलपान मंडल अध्यक्ष गोविन्द साहू एवं जूनापारा मंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, जितेंद्र पाण्डेय, शिवबालक कौशिक, संजू मक्कड़, शैलेन्द्र निर्मलकर, बिसाहू कश्यप, शंकर सिंह, हरविंदर हुरा, अनिल गुप्ता, सुनील जांगड़े, संतोष पाल, देवी साहू, परमेश्वर कश्यप, विनोद साहू, परदेसी साहू, राजेश रामपाल, बीरबल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

तखतपुर नगर में नगर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र निर्मलकर एवं मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र राज, दिनेश देवांगन नेतृत्व में किया गया। काठाकोनी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन चक्काजाम ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार साहू के नेतृत्व में किया गया। लोरमी नगर नगर एवं ग्राम डिंडोरी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। अखिल भारतीय कांग्रेस के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर एवं रामस्वरूप श्याम के नेतृत्व में पुराने बस स्टैंड में धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया गया। संचालन अध्यक्ष नितेश पाठक ने किया। मल्हार में केवटाडीह भुतहा से बिनोरी तक कांग्रेस ने पदयात्रा निकाली। आंदोलन में मुख्य प्रभारी ज्वाला प्रसाद बंजारे, किरण यादव, सुक्रीता बादल खूंटे, लक्ष्मण कांत, नवीन अग्रवाल सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेता एवं पदाधिकारी शामिल रहे। मुंगेली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस पार्टी ने बापू को नमन करते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पेंड्रा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को भाड़ी चौक पर मनरेगा एवं धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन व चक्काजाम किया। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास ने किया। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा, आज प्रदेश का किसान अपनी ही उपज बेचने के लिए भटक रहा है, और मजदूर रोजगार के लिए तरस रहा है।

## साहू संघ की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**सरगांव।** रविवार 25 जनवरी को तहसील साहू संघ सरगांव की एकदिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शादी, छठी आदि कार्यक्रमों में डीजे पूर्ण रूप से बंद करने, श्रद्धांजलि में कपड़ा नही लाने, मृत्यु भोज में साधारण भोजन एवं तालाब के कार्यक्रम में साड़ी के जगह राशि देने का भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही समाज को संगठित होकर रहने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष गोविन्द साहू, जिला उपाध्यक्ष खेलावन साहू, संरक्षक राजकुमार साहू, वरिष्ठ समाज प्रमुख रामधुन साहू,न्याय प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष सीता राम साहू, राजनीति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भेखचंद साहू, सचिव शंकर साहू, कोषाध्यक्ष खोरबहरा साहू, संगठन सचिव राजेश साहू, दुकलहा साहू, जयराम साहू, इंदिरा साहू, तुलसी साहू, खोज साहू, चिंता साहू, नगर अध्यक्ष साहू संघ सुखदेव साहू, ललीत साहू, सीताराम साहू, मनीष साहू, दिलेश्वर साहू, घनश्याम साहू, शोभनाथ साहू, महेन्द्र साहू पत्रकार,रामू साहू, डॉ लेखराम साहू, लालजी साहू, सुरेश साहू, विशंभर साहू, पुनीत साहू, पार्षद राकेश साहू, पार्षद कृष्णा साहू, उदित साहू, मनोज साहू,ग्रा.राजकुमार साहू, रमेश साहू, मन्नू साहू, शिवकुमार साहू, बिसाहूराम एवं बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित रहे।